

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल



पेज 7

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 114 | ग्वालियर मंगलवार, 07 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## एक नजर

### केजरीवाल सरकार ने टीचर्स को फिनलैंड ट्रेनिंग के लिए भेजने वाली फाइल दोबारा एलजी को भेजी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच खींचतान कम होती नजर नहीं आ रही. अब टीचर्स की ट्रेनिंग का मामला दोनों के बीच उलझा है. दरअसल, दिल्ली सरकार ने टीचर्स को ट्रेनिंग के लिए फ़िनलैंड भेजने की तैयारी की है, जिसकी फाइल उपराज्यपाल (एलजी) के यहां स्वीकृत नहीं हुई. इस पर दिल्ली सरकार ने फाइल दोबारा स्त्र को भेजी है. दिल्ली सरकार का कहना है कि फाइल को तत्काल मंजूरी देनी चाहिए. दिल्ली सरकार ने कहा कि स्त्र टीचर्स ट्रेनिंग में बाधा ना बनें. सरकार का कहना है कि स्त्र को सुप्रीम कोर्ट के आदेश मानने होंगे. दिल्ली सरकार ने कहा कि स्त्र का दिल्ली सरकार की सारी फ़ाइलें मंगवाना सुप्रीम कोर्ट के आदेश के ख़िलाफ़ है. दिल्ली सरकार ने स्त्र पर काम में रुकावट डालने के आरोप लगाते हुए कहा कि ग़रीबों की शिक्षा में बाधा डालना स्त्र की सामंतवादी सोच दर्शाता है. दिल्ली के शिक्षा मंत्री मनीष सिसौदिया ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने दिल्ली के शिक्षकों को ट्रेनिंग के लिए फ़िनलैंड भेजने का प्रस्ताव दोबारा एलजी के पास भेजा है. इस ट्वीट में सिसौदिया ने चिट्ठी के स्क्रीनशॉट्स भी शेयर किए हैं.

**सीएम ने की थी स्त्र संग बैठक**–कुछ ही दिन पहले दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना की बैठक हुई. जहां शिक्षामंत्री मनीष सिसौदिया भी मौजूद थे. ऐसा माना जा रहा था कि बैठक से उनके बीच सब-कुछ सामान्य हो जाएगा. हालांकि ऐसा हुआ नहीं. पिछले कुछ समय से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के बीच चिट्ठी की जंग चल रही है.

**खत्म नहीं हो रही चिट्ठी की जंग**–हाल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लिखी दिल्ली के स्त्र की भी एक चिट्ठी सामने आई, जिसमें स्त्र ने मुख्यमंत्री केजरीवाल द्वारा विधानसभा की कार्यवाही के दौरान सदन में उनकी ओर से एलजी को लेकर इस्तेमाल किए गए शब्दों को लेकर आपत्ति जताई. उसमें अरविंद केजरीवाल ने एलजी को संबोधित करते हुए कहा था कि 'एलजी कौन है'. एलजी 'कहां से आया एलजी ने कहा कि इन शब्दों का इस्तेमाल करना बहुत अपमानजनक है. दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने सदन में स्त्र की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बयान दिया था और इस दौरान सदन को ये बताया था कि किस तरह से एलजी चुनी हुई सरकार के कामकाज में रुकावट पैदा कर रहे हैं.

### रेसलर्स की अपनी मांगों को लेकर धरना जारी

दिल्ली के जंतर-मंतर पर देश का नाम रोशन कर पदक लाने वाले कुश्ती के पहलवानों का धरना-प्रदर्शन जारी है. पिछले तीन दिनों से जंतर-मंतर पर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के खिलाफ पहलवान धरना दे रहे हैं. पहलवान रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह का इस्तीफे के साथ-साथ कुश्ती संघ के काम करने के तरीके में बदलाव और खिलाडियों की दिक्कतों का समय पर निवारण करने की मांग कर रहे हैं. इसके पीछे वजह है रेसलर विनेश फोगाट का भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष पर यौन शोषण का आरोप लगाना. उन्होंने कहा है कि हमेशा से कैंप लखनऊ में लगाया जाता है, जिससे महिला रेसलरों का शोषण करने में आसानी हो. रेसलर विनेश फोगाट का आरोप है कि महिला




पहलवानों के साथ हो रहे दुर्व्यवहार की घटनाओं को सरकार के संज्ञान में भी लाया गया, लेकिन उसके बाद भी आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नही हुई. इसके बाद विनेश फोगाट का कहना है कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी जाने लगी. विनेश फोगाट ने बताया कि यह लड़ाई सिर्फ मेरी नहीं, बल्कि आने वाले पहलवानों के भविष्य की लड़ाई है. साथ ही पहलवानों का यह कहना है कि जब तक भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी और उन्हें पद से नहीं हटाया जाता, तब तक ये धरना जारी रहेगा. वहीं भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कि किसी भी प्रकार का शोषण नहीं हुआ है. विनेश फोगाट के आरोप सरासर झूठे हैं. अगर अगर यह साबित होता है तो वह फांसी पर लटकने को तैयार है. इस मामले को लेकर गुरुवार रात 10ः30 बजे से तकरीबन 2 बजे तक पहलवानों की खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के साथ मीटिंग हुई. खेल मंत्री के साथ मींटिंग में विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया समेत अन्य खिलाड़ी भी मौजूद रहे, लेकिन तकरीबन 4 घंटे की मीटिंग के बाद भी इसका कोई हल नहीं निकल पाया. इस बीच शुक्रवार को फिर से पहलवानों ने 10 बजे खेल मंत्री अनुराग ठाकुर से दूसरी मुलाकात की, जिसमें भी सिर्फ उन्हें आश्वासन मिला है कि करवाई की जाएगी, लेकिन कब और कैसे ये अभी तक साफ नहीं है. इस मामले को लेकर कांग्रेस के नेता और बॉक्सर विजेंदर सिंह ने भी शुक्रवार को 12 बजे पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की. उन्होंने कि वे जंतर-मंतर पर सुबह अपने पहलवान भाइयों से मिलने गए थे, मगर उस दौरान सभी पहलवान वहां नहीं थे और उन्हें प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए कांग्रेस ऑफिस आना पड़ा. विजेंदर सिंह ने कहा, मैं पहले खिलाड़ी हूं, उसके बाद किसी भी पार्टी का कार्यकर्ता. इस मामले को लेकर उन्होंने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा और मांग की कि इस पर जल्द से जल्द एक्शन लिया जाए और इंसाफ मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को फेडरेशन का हिस्सा बनाना चाहिए और उनके सुझावों से ही फेडरेशन चलाना चाहिए.

## नमाज वाले बयान पर जारी बवाल के बीच फिर राजस्थान आएंगे बाबा

स्वामी रामदेव के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम में देशभर से आए करीब 300 संत-महात्मा, कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी समेत हजारों लोग शामिल होंगे. ब्यावर के आशापुरा माता धाम मंदिर परिसर में यह विशाल कार्यक्रम आयोजित होगा.

**बाबा ने बाड़मेर में दिया था यह बयान**–योग गुरु बाबा रामदेव ने बीती 2 फरवरी को बाड़मेर में एक धर्मसभा को संबोधित करते हुए इस्लाम और मुसलमानों के खिलाफ विवादित बात कही थी. उन्होंने धार्मिक मंच से कहा था कि %इस्लाम धर्म का मतलब सिर्फ नमाज पढ़ना है. मुसलमानों के लिए सिर्फ नमाज पढ़ना जरूरी है और नमाज पढ़ने के बाद कुछ भी करो, सब जायज है. चाहे हिंदुओं की लड़कियों को उठाओ, चाहे जिहाद के नाम पर आतंकवादी बनकर जो मन में आए वो करो, लेकिन दिन में 5 बार नमाज पढ़ो. फिर सब जायज होता है.



**अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष ने जताई नाराजगी**– राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक रफीक खान ने बाबा के बयान का विरोध करते हुए इसे सोची-समझी साजिश बताया है. मीडिया से बातचीत में खान ने कहा कि केंद्र सरकार की कृपा से रामदेव की कंपनियां प्रोग्रेस कर रही हैं, इसलिए उन्हें राजस्थान में सांप्रदायिकता और जातिवाद फैलाने के लिए भेजा गया है. वे षड्यंत्र के तहत राजस्थान आए थे. योग गुरु का किसी धर्म के खिलाफ गलत टिप्पणियां करना बेहद शर्मनाक है. कोई भी धर्म दुश्मनी नहीं सिखाता है. केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बाबा रामदेव के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए.

**असदुद्दीन औवेसी की पार्टी ने दी चेतावनी**–मुस्लिम समाज के खिलाफ बाबा के विवादित बोल पर असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (ढ्ढरूढ्ढरू) भी सड़कों पर विरोध कर रही है. पार्टी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर बाबा के विवादित बयान का विरोध करते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की है. साथ ही, चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया तो पूरे प्रदेश में पुरजोर विरोध किया जाएगा. बाड़मेर में मुस्लिम समाज के लोगों ने एआईएमआईएम पार्टी के सदस्य मौलाना बरकत अली के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बाबा रामदेव के खिलाफ कानूनी कार्यवाई की मांग की है. टोंक में भी मुस्लिम समाज के लोगों ने आक्रोश प्रदर्शन किया.

**बाबा के खिलाफ केस भी हुए दर्ज**–रामदेव के बयान का विरोध होने के बाद प्रदेश के कई थानों में उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई. बाड़मेर जिले के चौहटन थाने में स्वामी रामदेव पर धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप में केस दर्ज हुआ है. चौहटन निवास पठाई खान की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया. टोंक के कोतवाली थाने में अधिवक्ताओं की शिकायत पर पुलिस ने परिवाद दर्ज किया.

## आम आदमी पार्टी में शामिल हुई भोजपुरी एक्ट्रेस संभावना सेठ

**नई दिल्ली।** भोजपुरी एक्ट्रेस संभावना सेठ शुक्रवार को दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी में शामिल हो गई. इस मौके पर आप के सांसद संजय सिंह मौजूद रहे. उन्होंने कहा कि संभावना सेठ हमारे साथ हैं जिन्होंने 400 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम किया है. बिग बॉस के एक नही दो सीजन में वो शामिल रही हैं. आशिकी तेरी मेरी के साथ 25 से ज्यादा हिंदी फिल्मों में सेठ ने काम किया है. सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी जो तीन बार से दिल्ली में सरकार बना रही है. जो काम आम आदमी पार्टी ने इन सालों में किया है उनसे प्रभावित होकर संभावना सेठ आम आदमी पार्टी ज्वाइन कर रही हैं. संभावना सेठ ने आप में शामिल होने के बाद कहा कि मैं डांसिंग से अलग पॉलिटिक्स पर बात करूंगी. ये



मेरे स्वभाव में था, लेकिन मुझे नहीं पता था कि मैं ऐसा कर पाऊंगी या नहीं. मेरे हाथ ठंडे पड़ गए हैं. राजनीति की भाषा मुझे बोलनी नहीं आती लेकिन मैं कुछ अच्छा करना चाहती हूं. संभावना सेठ ने कहा कि मैं लाइफस्टाइल ब्लॉगिंग करती हूं. इसके जरिए मैं लोगों को तनाव से बाहर लाने की कोशिश कर रही हूं. उन्होंने बताया कि उनकी दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और आप नेता संजय सिंह मुलाकात हुई थी.

## हैरसमेंट का ऑडियो हमारे पास- विनेश फोगाट का दावा

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह और कुछ कोचों के खिलाफ कुछ महिला पहलवानों ने गंभीर आरोप लगाए हैं. जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के साथ बैठीं हरियाणा की पहलवान विनेश फोगाट ने आज मीडिया से बात की, जहां उन्ड़होंने कहा कि आप सब साथ दीजिए.. हम लड़कियों के साथ बुरा हुआ है. विनेश ने कहा, लड़कियों का हैरसमेंट होता था. सुबूत के तौर पर हमारे पास हैरसमेंट का ऑडियो भी है. विनेश ने कहा, आज शाम को हमारी 6 बजे मीटिंग है. सरकार के समक्ष हम अपनी सारी मांगें रख रहे हैं. वे मांगें कौन सी हैं और क्या होता था। मीडियाकर्मियों के इस सवाल पर विनेश ने कहा, ऐसे



डिस्क्लोज नहीं कर सकते. लड़कियों से जुड़ा मामला है. विनेश का कहना है कि हम यहां आत्म सम्मान की लड़ाई के लिए आए हैं. उन्ड़होंने कहा कि हमारे परिजन भी हमारा साथ दे रहे हैं और उनका कहना है कि जो हुआ वैसा किसी एक लड़की के साथ नहीं हुआ..बहुत सारी लड़कियां हैं, जिन्ड़हें प्रताड़ित किया जा रहा था. क्ड़या पहलवानों को सरकार से मदद नहीं मिलीड़ इस पर उन्ड़होंने कहा- हम शुरू से बोल रहे हैं कि हम सरकार के खिलाफ नहीं है. जब मेरे साथ परेशानी आई थी तो प्रधानमंत्री जी मेरे साथ खड़े थे. उन्ड़होंने कहा कि हम सब मिलकर सरकार के सामने अपनी बातें रखेंगे. सरकार की बात है.. तो हम उनको बताएंगे कि में कैसे शोषण किया जाता था.

## सीएम अशोक गहलोत ने बताया कोरोना तो क्या-क्या बोल गए सचिन पायलट

**नई दिल्ली।** राजस्थान में विधानसभा 2023 के आखिर में होना है, लेकिन कांग्रेस की आतंरिक कलह थमने का नाम




नहीं ले रही है. कांग्रेस नेता सचिन पायलट और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आए दिन एक दूसरे पर निशाना साध रहे हैं. इसी बीच पायलट ने इशारों में गहलोत के कोरोना वाले बयान पर शुक्रवार (20 जनवरी) को जवाब दिया है, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में मीडिया से बात करते हुए, हम जब सरकार में नहीं थे तो हमने बीजेपी सरकार (वसुंधरा राजे) को भ्रष्ट बताया था. लोगों ने हमारे पर भरोसा भी किया. कालीन घोटाला हो या ललित मोदी मामला सभी हमने तथ्यों के साथ उठाए. हमने वादा किया था कि सरकार आने पर कार्रवाई करेंगे. मैं उम्मीद करता था कि पिछले तीन-चार सालों में ठोस कार्रवाई होती लेकिन ऐसा नहीं हुआ. मैं कोई बदले की बात नहीं कर रहा, लेकिन जो भी घोटाले हुए उसको लेकर कार्रवाई करनी चाहिए थी. अब सिर्फ एक साल बचा है. हालांकि उन्होंने वसुंधरा राजे का नाम नहीं लिया. मुख्यमंत्री गहलोत ने इस पर जवाब देते हुए कहा था कि पेपर लीक मामले में जिन लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है वे सरगना ही हैं. उन्होंने बिना नाम लिए कहा था कि मैंने मीटिंग करना फिर शुरू कर दिया, लेकिन हमारी पार्टी में कोरोना है. साथ ही एक बड़ा कोरोना भी पार्टी में आ गया है.

**लगातार कर रहे हैं हमला**–कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने पर्चा लीक मामले को लेकर बुधवार (18 जनवरी) को राजस्थान की अशोक गहलोत सरकार पर फिर से निशाना साधा था. उन्होंने कहा था कि अब ये कहा जा रहा है कि पेपर लीक प्रकरण में कोई अधिकारी, नेता लिप्त नहीं था तो परीक्षा की कॉपी जो तिजोरी में बंद होती है वह बंद तिजोरी से बाहर बच्चों तक पहुंच गई. यह तो जादूगरी हो गई भई. ऐसे कैसे हो सकता है. ऐसा संभव नहीं है. इसके साथ ही पायलट ने कहा, ''कोई न कोई तो जिम्मेदार होगा और जांच चल रही है इसकी मुझे खुशी है, मैं स्वागत करता हूं इस जांच का. मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारी पार्टी, हमारे नेता राहुल गांधी और अन्य ने, हमने हमेशा युवाओं की मदद करने का काम किया है.'' उन्होंने साथ ही कहा ता कि मामले में सरगनाओं% को गिरफ्तार किया जाना चाहिए.

## बिहार की जातीय जनगणना पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट ने मना किया

**नई दिल्ली।** बिहार में हो रही जातीय जनगणना के खिलाफ याचिका सुनने से सुप्रीम कोर्ट ने मना कर दिया है. कोर्ट ने याचिका को प्रचार के लिए दाखिल बताया. साथ ही, याचिकाकर्ता से यह भी कहा कि वह चाहे तो हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर सकता है. सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बी आर गवई और विक्रम नाथ की बेंच के सामने 3 याचिकाएं सुनवाई के लिए लगी थीं. यह याचिकाएं एनजीओ एक सोच एक प्रयास, बिहार के नालंदा के रहने वाले



अखिलेश कुमार और हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की थीं. इन याचिकाओं में कहा गया था कि जनगणना अधिनियम के तहत राज्य सरकार को जनगणना का अधिकार ही नहीं है. एक याचिका में यह भी कहा गया था कि जातीय जनगणना प्रक्रिया सर्वदलीय बैठक में हुए निर्णय के आधार पर शुरू की गई है. सिर्फ यह किसी सरकारी फैसले का आधार नहीं हो सकता. बिना विधानसभा से कानून पास किए इसे करवाया जा रहा है। इसलिए, इसे रद्द किया जाए. सुप्रीम कोर्ट ने याचिका हाईकोर्ट की बजाय अपने पास दाखिल होने पर सवाल उठाया. जस्टिस गवई ने कहा कि याचिकाकर्ताओं को हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाना चाहिए. उन्होंने अहम टिप्पणी करते हुए यह भी कहा कि अगर इस तरह की जनगणना नहीं होगी, तो राज्य आरक्षण जैसी नीति को सही तरीके से कैसे लागू कर पाएगा. बता दें कि एक याचिकाकर्ता ने मामले को तत्काल सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किए जाने का अनुरोध किया था, जिस पर 11 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह इस मामले पर सुनवाई 20 जनवरी को करेगी. इसको लेकर ही सुप्रीम कोर्ट ने यह तमाम बातें कही है.

## निमृत कौर के बाहर होते ही खुशी से झूमे प्रियंका चाहर के फैंस, बोले- मंडली का एक और विकेट गिरा..

टीवी रिएल्टी शो बिग बॉस 16 में फिनाले से पहले एक और कटेस्टेंट निमृत कौर आहलूवालिया का टिकट कट गया है. छोटी सरदारनी एक्ट्रेस निमृत बिग बॉस से बाहर हो गई हैं. घर के अंदर निम्रत मंडली का हिस्सा थीं और सोशल मीडिया पर प्रियंका चाहर के फैंस निम्रत के एविक्शन को सही ठहरा रहे हैं. यूजर्स ने निमृत के बाहर होने पर खुशी जाहिर की है.

निम्रत के एविक्शन से खुश हुए यूजर्स-ग्रैंड फिनाले से पहले निमृत कौर के एविक्शन पर सभी शॉक्ड रह गए हैं. सुम्बुल तौकीर खान के बाद मंडली से निम्रत भी आउट हो गई हैं. सोशल मीडिया पर जहां मंडली के फैंस इस



एविक्शन से दुखी हैं वहीं प्रियंका चाहर के फैंस जश्न मना रहे हैं.इधर सोशल मीडिया पर निमृत कौर आहलूवालिया के बाहर होते ही बिग बॉस के फैन्स काफी खुश नजर आ रहे हैं. यूजर्स का कहना है कि, निमृत शो में कुछ नहीं कर रही थीं.

छोटी सरदारनी के फैंस का टूटा दिल-सोशल मीडिया पर यूजर्स ने बिग बॉस को पक्षपाती कहकर ट्रोल किया है. शिव और निमृत की बॉन्डिंग पसंद करने वाले इस एविक्शन को गलत ठहराते हुए रिएक्शन दे रहे हैं. निमृत को सबसे पहले टिकट टू फिनाले मिला था, फिर वो उनको निकाल दिया गया इससे फैंस भड़के हुए हैं. वहीं प्रियंका चाहर चौधरी के फैन्स खुशी से झूम उठे हैं. ट्विटर पर यूजर्स का कहना है कि अब प्रियंका को विनर बनने से कोई नहीं रोक सकता.



## सम्पादकीय

# संसद की सार्थकता बनी रहे

भारत की संसदीय प्रणाली में संवादहीनता के लिए कोई स्थान नहीं है। इसके साथ ही यह भी सत्य है कि लोकतन्त्र में लोग जिस सर्वोच्च संस्था संसद में अपने जनप्रतिनिधियों को चुन कर भेजते हैं वे देश की सड़कों पर बने माहौल से भी अप्रभावित नहीं रह सकते हैं। संसद में पहुंचे प्रत्येक सांसद के मुंह में अपने चुनाव क्षेत्र के लाखों मतदाताओं की जुबान होती है। अतः देश की इस सबसे बड़ी पंचायत में लोगों की बात को ही प्राथमिकता मिलती है। संभवतः इसी कारण से समाजवादी चिन्तक व जन नेता डा. राम मनोहर लोहिया ने यह कहा था कि ह्यजिस देश की सड़कों पर कोहराम मचा हो उसकी संसद कभी चुप नहीं रह सकती। अतः देश के वित्तीय अनुशासन को लेकर आजकल जो व्यग्रता आम लोगों में बनी हुई है उससे संसद भी अछूती नहीं रह सकती। मगर इसका मतलब यह भी नहीं है कि संसद अपने मूल कर्त्तव्य या दायित्व को ही तिलांजिली दे दे। इसका मूल दायित्व जनता के विभिन्न मुद्दों और देश के सामने पैदा हुए ज्वलन्त प्रश्नों पर विचार-विमर्श करके उनका हल सुझाना होता है। संसद केवल वाद-विवाद प्रतियोगिता स्थल नहीं होती बल्कि यह समस्याओं का हल भी खोजती है और उन पर निर्णय भी लेती है। अतः यह प्रक्रिया जन समस्याओं को संसद में उजागर करते हुए इस प्रकार चलनी चाहिए जिससे विवादों का हल निकले और देश उन विसंगतियों को दूर करने का मार्ग खोजे जिनसे जन मानस उद्वेलित होता है। संसद का बजट सत्र चल रहा है और उसके प्रथम दो दिन बिना कोई कार्य किये ही निकल गये हैं। अतः अब आगे का रास्ता ऐसा होना चाहिए जिससे संसद का धर्म भी पूरा होता रहे और जनता की आवाज को भी सही स्थान मिल सके। सत्ता पक्ष और विपक्ष को संसद चलाने के लिए ऐसे सहमति बिन्दू पर आना ही पड़ेगा जिससे लोगों के प्रश्न उठाने के मंच की सार्थकता सर्वदा सिद्ध होती रहे। विपक्ष को निश्चित रूप से ऐसे प्रश्न उठाने और मुद्दों पर बहस करने का अधिकार है जो आम जनता के हितों से सीधा सरोकार रखते हैं। जाहिर है ऐसे मुद्दों का सम्बन्ध सरकार से ही जाकर जुड़ता है क्योंकि वही देश को संविधानतः चलाने की जिम्मेदारी से बंधी होती है। अतः सत्ता पक्ष का भी यह दायित्व हो जाता है कि वह विपक्ष द्वारा उठाये गये प्रश्नों को गंभीरता से लेते हुए उन पर अपनी जवाबदेही का निर्वाह करे। दोनों ही पक्षों में से किसी एक के जिद पर अड़ जाने से संसदीय प्रणाली के प्रति लोगों की निष्ठा में कमी आने लगती है। अतः यह सकल राजनैतिक तन्त्र के हित में ही होता है कि वह संसद की महत्ता को हर हालत में कायम रखे। इसकी इसी महत्ता को कायम रखने के लिए भारतीय लोकतन्त्र में लोकसभा अध्यक्ष के पद को सरकार से पूरी तरह अलग रखकर संसद परिसर में उनकी सत्ता स्थापित की गई है। इतना ही नहीं हमारे संविधान निमार्ता पुरखों ने उन्हें न्यायिक अधिकारों से भी लैस करने का कार्य इसीलिए किया जिससे वे अपने विवेक से संसदीय प्रणाली के प्रवाह को सतत जारी रख सकें। यह सब इसीलिए किया गया जिससे संसद के भीतर कभी भी संवादहीनता का माहौल पैदा न हो सके। इसके लिए संसद की कार्यवाही चलाने के कुछ नियम बनाये गये और सत्ता व विपक्ष दोनों ओर के सांसदों को भी विशिष्ट अधिकार व दायित्व दिये गये। इसके बावजूद हमने पूर्व में देखा है कि संसद के सत्र का पूरा का पूरा कार्यकाल ही बिना कोई कार्य किये ही समाप्त हो गया। ऐसा कथित 2-जी स्पैक्ट्रम घोटाले की गूंज होने के समय मनमोहन सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान हुआ था। इसे पहले बोफोर्स कांड के उठने के बाद संसद कई-कई हफ्ते ठप्प रही थी। बेशक उस समय आज की सत्ताधारी पार्टी भाजपा विपक्ष में थी मगर आम जनता को इससे कुछ भी हासिल नहीं हो पाया और अन्त में न्यायालय के फैसलों से ही अन्तिम निष्कर्ष पर पहुंचा जा सका।

# आज की 2 प्रेरणादायक कहानियां

## कहानी 1ः दादी की चकल्लस

÷



पुष्पनजली टुडे

राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी

अरे नामाकूलो, मेरा चश्मा कहाँ मर गया÷ मां जी पूरी ताकत से चिल्लाई।

÷फिर ये शैतान की औलाद मेरा चश्मा उठाकर ले गए। मेरा तो इस घर में जीना मुहाल हो गया है। पता नहीं क्या खाकर पैदा किया है इन चुड़ैलों ने औलादों को। सारे दिन मेरे ही सामानों के पीछे पड़े रहते हैं। कभी कोई मेरा चश्मा उठाकर ले जाएगा तो कभी मेरी एक चप्पल कानपुर में मिलेगी तो दूसरी बरेली में। इस छोटे की औलाद तो इतनी अफलातून है कि शैतान भी शरमा जाय। लाख खिलौने बाप ने लाकर रख रखे हैं मगर इन्हे तो चाहिए बस मेरी छड़ी, मेरी चप्पलें और मेरा चश्मा। अरे एक दिन तो हद हो गई। बरसात होकर थम गई थी। बच्चे बाहर रेत में मिट्टी के घरौंदे बना रहे थे। देखूँ तो डिब्बी में से मेरे दाँत गायब हैं। छड़ी उठाकर बाहर गई तो देखा कि इन शैतानों की औलादों ने एक मिट्टी का पुतला बना रखा है और उसके मुंह में मेरे दांतों का सैट लगा रखा है।मैंने भी कह दिया 'अपनी मां चुड़ैलों की मूर्ती बना रहे हो क्या नालायको। नामुराद मुझे देखते ही दाँत वहीं छोड़कर रफूचक्कर हो गए। बड़ी मुश्किल से दांतों को पहले दो बार साबुन से धोया। फिर गंगाजल में डुबोकर रखा। अब बुड़ापे में इतना भी कहाँ होता है। हाथ पाँव तो पहले ही काँपते हैं। ऊपर से इस गठिया की बीमारी ने जकड़ रखा है। फिर दुनिया के सब से शरारती बच्चों से सारे दिन की चिल्ल पों। अब देखो न। मेरे दोनों बेटे इतनी मेहनत करके अच्छी भली कमाई करते हैं। घर में फल चौकलेट और मिठाइयों से फ्रिज भरे पड़े रहते हैं मगर इन बंदर के बच्चों को देखो। स्टूल लगाकर मेरी आलमारी खोल लेंगे। पता चला कि मेरे बिस्किट चट्ट। खुद नहीं खाएँगे तो मुहल्ले के बच्चों को बाँट आएंगे। दो मिनट बारामदे में जा बैठूँ तो धमाचौकड़ी मचाने को इन्हे मेरा ही बिस्तर मिलता है। सुबह ही छोटी बहू से झाड़कर बिस्तर ठीक कराया था मगर नालयकों ने उसे खेल का मैदान बना दिया है।÷मांजी के कमरे से सारे दिन ऐसी आवाजें आती रहतीं। जब उनके स्वर में वास्तविक क्रोध सुनाई देता तो दोनों में से कोई एक बहू उनकी शिकायत सुनकर और माँजी की अनवरत झिड़कियाँ सुनते हुए व्यवस्था ठीक करके चली जाती।शाम को जब बेटे काम से लौटते तो एक बार माँ के कमरे में जरूर जाते। माँजी का शिकायतों से भरा टेप फिर शुरू हो जाता। ÷बहुओं को शऊर नहीं है। बच्चे बिगड़ते जा रहे हैं। मेरी आलमारी खोलकर मेरे सारे बिस्किट चट कर जाते हैं या मुहल्ले के बच्चों में बाँट देते हैं। मेरा पानी का ग्लास झूँठा कर देते हैं।÷÷अरे मां, क्यूँ चिंता करती हो। मैं लाया हूँ न आप के पसंद के बिस्किट।÷÷अरे बुद्धू, यही तो मैं कह रही हूँ। ऐसे क्या घर चलते हैं। घर में रखी चीज तो मुहल्ले भर के बच्चों में बांटते फिरो और खरीद खरीद कर खर्चा करते रहो। तुम समझाते क्यूँ नहीं इन ...।÷दुनिया की हर बात खत्म हो सकती है किन्तु माँजी के ताने उलाहनों और शिकायतों का पिटारा नहीं।गर्मियों के छुट्टियों के दिन थे। छोटी बहू के भैया माइके में छुट्टियाँ गुजरने के लिए बच्चों को लेने आ गए। तय हुआ कि चारों बच्चे छोटी बहू के साथ छुट्टी एंजोया करने चले जाएंगे और बड़ी बहू माँजी और घर की देखभाल करने के लिए यहीं रहेगी।सोमवार का दिन था। दोनों बेटे अपने अपने काम पर चले गए थे और बहू रसोई के काम निपटाने में लगी थी। तभी माँजी के कमरे से आवाज आई ÷अरे नालयको, मेरा चशमा कहाँ है।÷बहू पल्लू से हाथ पौंछती हुई भागी चली आई।÷अरे बहू। देखना मेरा चशमा कहाँ गया। ये नालायक तो ...।÷÷माँजी, चश्मा तो वहीं सामने मेज पर पड़ा है और बच्चे तो मामा के यहाँ गए हैं।÷÷पता है। दिख रहा है। इतनी भी आँख नहीं फूट गई हैं मेरी। अच्छा है शरारती कुछ दिन मामा के यहाँ रहें। घर में शांति तो है। पूरे दिन धमाचौकड़ी मचाए रहते हैं।÷कुछ देर बीती थी कि माँजी के कमरे से दोबारा आवाज आई ÷अरे मेरे छड़ी कहाँ मर गई। अरे बहू, बहरी हो गई हैं क्या। मैं कितनी देर से गला फाड़ रही हूँ।÷÷आई माँजी। आप की छड़ी तो वहीं दरवाजे के पीछे खड़ी है जहां आप रखती हैं। ठहरिए मैं देती हूँ।÷÷अरे रहने दे। इतने भी हाथ पाँव नहीं टूट गए हैं मेरे। जरा सी आवाज मुंह से निकालो तो छाती पर आ खड़ी होती है। और देख ये खाने का सामान। अलमारी बिस्कुटों से भारी पड़ी है। भला सीलकर खराब नहीं हो जाएंगे। घर चलाने का शऊर तो है नहीं किसी को यहाँ। एक चीज मंगाओ, दस लाकर रख देंगे।÷थोड़ी ही देर में माँजी के कमरे से फिर आवाज आई ÷अरे बहू, जरा रेडियो ही चला दे। पता नहीं सारे दिन रसोई में घुसी क्या करती रहती है। इतना नहीं कि दो मिनट मेरे पास भी बैठ जाए। ये सन्नाटा तो मुझे खाये चला जाता है। सारा घर साँय साँय कर रहा है।÷शाम को बेटे घर लौटे तो माँजी का पारा सातवें आसमान पर था। दोनों को तुरंत हाजिर होने का आदेश दिया गया। माँजी के चेहरे पर क्रोध की रेखाएँ देखकर दोनों अपराधी की तरह चुपचाप बैठ गए।÷क्यों रे, तुम दोनों के दिल में माया ममता बिलकुल मर गई है क्या। बालक आठ दिन से दूसरे की देहरी पर पड़े हैं। तुम्हारे घर में रोटियों के लाले पड़े हैं क्या।÷ उन्होने रोष के साथ कहा।÷अरे माँजी, कुछ दिन और रहने दो शरारतियों को वही। आप को तो पूरे दिन परेशान करते हैं न।÷ छोटे ने शरारत से मुसकराकर कहा।÷अरे मुझे करते हैं न परेशान। उस से तुझे क्या। तड़के ही चला जा और बालकों को लिवा ला।÷

## कहानी 2ः आन्तरिक अनुभूति

एक बार की बात है कुछ धनी किसानों ने मिलकर खेती के लिए एक कुँआ बनवाया. सबकी अपनी-अपनी बारी बंधी थी. कुंआ एक निर्धन किसान के खेतों के पास था लेकिन उसे पानी नहीं मिलता था.धनी किसानों ने खेतों में बीज बोकर सिंचाई शुरू कर दी. निर्धन किसान बीज भी नहीं बो पा रहा था. उसने धनवानों की बड़ी आरजू मिन्नत की लेकिन एक न सुनी गई.निर्धन बरसात से पहले खेत में बीज भी न बो पाया तो भूखा मर जाएगा. यह सोचकर अमीर किसानों ने उस पर दया की और बीज बोने के लिए एक रात तीन घंटे की सिंचाई का मौका दे दिया.उसे एक रात के लिए ही मौका मिला था. वह रात बेकार न जाए यह सोचकर एक किसान ने मजबूत बैलों का एक जोड़ा भी दे दिया ताकिवह पर्याप्त पानी निकाल ले।निर्धन तो जैसे इस मौके की तलाश में था. उसने सोचा इन लोगों ने उसे बहुत सताया है. आज तीन घंटे में ही इतना पानी निकाल लूंगा कि कुछ बचेगा ही नहीं.इसी नीयत से उसने बैलों को जोता पानी निकालने लगा. गाधी पर बैठा और बैलों को चलाकर पानी निकालने लगा. पानी निकालने का नियम है कि बीच-बीच में हौज और नाली की जांच कर लेनी चाहिए कि पानी खेतों तक जा रहा है या नहीं.लेकिन उसके मन में तो खोट था. उसने सोचा हौज और नाली सब दुरुस्त ही होंगी. बैलों को छोड़कर गया तो वे खड़े हो जाएंगे. उसे तो कुँआ खाली करना था. ताबडतोड़ बैलों परडंडे बरसाता रहा.डंडे के चोट से बैल भागते रहे और पानी निकलता रहा. तीन घंटे बाद दूसरा किसान पहुंच गया जिसकी पानी निकालने की बारी थी. उसने बैल खोल लिए और अपने खेत देखने चला.वहां पहुंचकर वह छाती पीटकर रोने लगा. खेतों में तो एक बूंद पानी नहीं पहुंचा था. उसने हौज और नाली की तो चिंता ही नहींकी थी. सारा पानी उसके खेत में जाने की बजाय कुँए के पास एक गड्ढ़े में जमा होता रहा।अंधेरे में वह किसान खुद उस गडढ़े में गिर गया. पीछे-पीछे आते बैल भी उसके ऊपर गिर पड़े. वह चिल्लाया तो दूसरा किसान भागकर आया और उसे किसी तरह निकाला.दूसरे किसान ने कहा- परोपकार के बदले नीयत खराब रखने की यही सजा होती है. तुम कुँआ खाली करना चाहते थे. यह पानी तो रिसकर वापस कुँए में चला जाएगा लेकिन तुम्हें अब कोई फिर कभी न अपने बैल देगा, न ही कुँआ।समय और संसाधन जब भी मिले उस का सदुपयोग करना सीखें कभी मन में ईर्ष्या और द्वेष को उत्पन्न न होने दें वर्ना आप को ईश्वर माफ़ नहीं करेगा और आप उन्नति कभी कर न पाएंगे ।

## विवाह की उम्र



सरकारों ने इसके खिलाफ कड़े कानून बना रखे हैं। प्रशासन ऐसी शादियों पर नजर रखने का प्रयास करता है ताकि निर्धारित उम्र से पहले बच्चों का गठबंधन न होने पाए। मगर इन तमाम कोशिशों के बावजूद बहुत कम उम्र में बच्चों की शादी कर देने का चलन बंद नहीं हुआ है।अब ऐसी शादियों के खिलाफ असम सरकार ने व्यापक अभियान शुरू किया है। असम पुलिस का कहना है कि उसने ऐसे आठ हजार लोगों को चिह्नित किया है, जिन्होंने कम उम्र में शादी की या कराई। उनमें विवाह कराने वाले पंडित और मौलवी भी शामिल हैं। वहां की पुलिस ने इस मामले में दो हजार चौवालीस लोगों को गिरफ्तार भी किया है। राज्य सरकार का कहना है कि ऐसे विवाहों को अवैध करार दिया जाएगा।चौदह साल से कम उम्र की लड़की के साथ विवाह करने वालों के खिलाफ पाक्सो अधिनियम के तहत और चौदह से अठारह बरस के बीच की लड़कियों से विवाह करने वालों के खिलाफ बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज होगा। हालांकि असम सरकार की इस सख्ती से वहां के प्रभावित लोगों में नाराजगी देखी जा रही है, मगर सामाजिक बदलाव के लिए उठाए गए सरकारों के ऐसे कदम को अनुचित नहीं कहा जा सकता।अडानी ही नहीं रामदेव की कंपनी को भी 10 दिन में हुआ 7000 करोड़ का नुकसान, जानें क्या है वजहड37 दड़िन में अडाणी की सबसे नई कंपनी के शेयर 37 फीसदी गड़िरे, 345 से 217 पर पहुंचा भावस्वामी प्रसाद मौर्य पर भड़के आप विधायक ,बोले- अपनी बेटी को तो समझा नहीं पा रहे...पी चिदंबरम की पत्नी पर हुई कार्रवाई तो बोले सुब्रमण्यम स्वामी-लगता है तिहाड़ जाएगा पूरा परिवारबेशक देश में साक्षरता दर बड़ी है, लड़कियों को पड़ा-लिखा कर सशक्त बनाने पर जोर है, इसका असर भी काफी देखा जा रहा है, मगर हकीकत यह भी है कि बहुत सारे वर्गों, खासकर निम्न वर्ग में विवाह की उम्र आदि को लेकर जागरूकता का अभाव है। कई समुदायों में आज भी यह मान्यता बनी हुई है कि कन्या के रजस्वला होते ही उसका विवाह कर देना चाहिए। कई समाजों में तो लड़के और लड़कियों का बचपन में ही विवाह कर दिया जाता है, फिर उनके योग्य होने के बाद गौना किया जाता यानी उन्हें साथ रहने दिया जाता है।कई समुदायों में लड़कियों की सुरक्षा के लिहाज से भी जल्दी विवाह कर दिया जाता है। वहां माना जाता है कि विवाह के बाद लड़की की अस्मिता पर प्रहार बंद हो जाता है। इन्हीं सब मान्यताओं और धारणाओं के चलते आज भी कम उम्र में विवाह का सिलसिला नहीं रुक पा रहा है। मध्यप्रदेश में तमाम कड़ाई के बावजूद हर साल अखा तीज के दिन बहुत सारे नाबालिगों की शादियां कर दी जाती हैं।

# जिन्ना का पाकिस्तान अब आईएमएफ के सामने नतमस्तक

**सरकार के मनचाहे जायज एवं नाजायज निर्णयों पर अंकुश स्वस्थ एवं पाददर्शी शासन एवं प्रशासन की अपेक्षा है। नियंत्रण एवं अनुशासन की इन्हीं अपेक्षित स्थितियों को लेकर दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार विवाद खड़े करती है।**

संजीव ठाकुर

पाकिस्तान का रुपया डॉलर के सामने अपने सर्वाधिक निचले स्तर पर पहुंच गया है अब $1 की कीमत 287 पाकिस्तानी रुपए हो गई हैस पाकिस्तान के पास अब केवल 3.10 अरब डॉलर की मुद्रा शेष है जो कि 15 दिन के आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए ही बाकी हैस जिन्ना के पाकिस्तान में सब तरफ त्राहि-त्राहि मची हुई हैस पाकिस्तान ने इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड के सामने नतमस्तक होकर खुले दिल से मजबूरी में मदद मांगी हैस पर पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति का जायजा लेने गई इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड की टीम के प्रमुख नादान पोर्टर ने स्पष्ट संकेत दिए हैं की करीब 2.50 लख करोड़ रुपए की राजकीय कोष को पटाने के लिए पाकिस्तान के पास और कोई विकल्प शेष नहीं बचा है और पाकिस्तान को इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड की हर शर्त को मानने की बड़ी मजबूरी है। इसी तारतम्य में पाकिस्तान ने गैस के दाम 30ः बढ़ा दिए हैं एवं बिजली की कीमत में ध ध6 का इजाफा किया है। महंगाई और भुखमरी को लेकर पंजाब बलूचिस्तान मैं जनता सड़क पर आ गई है और विद्रोही स्वर उभर कर सामने आने लगे हैं। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान अब चंद दिनों में दिवालिया होने की कगार पर है आटा ध250 किलो के भाव में भी उपलब्ध नहीं है, चावल कहीं दिखाई नहीं दे रहा है, शक्कर अब वहां कड़वी होने लगी है। पाकिस्तान के परंपरागत आयरन फ्रेंड ने भी पाकिस्तान से किनारा कर लिया है अब चीन के लिए पाकिस्तान एक दुखदाई मित्र की तरह साबित हुआ जो सिर्फ केवल कटोरा लेकर मांगने की ही फितरत रखता है। पाकिस्तान के सिंध प्रांत की सरकार ने चीन को वहां चीन तथा पाकिस्तान सिल्क कॉरिडोर के लिए काम करने वाले चीनी कर्मचारियों को साफ-साफ कह दिया है कि उनकी सुरक्षा की गारंटी अब चीन स्वयं अपने सुरक्षा गार्ड रखकर कर ले अब उनकी सुरक्षा की गारंटी राज्य सरकार नहीं उठा सकती है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तानी रुपया अपने रिकॉर्ड स्तर पर नीचे आ गया है और यदि आईएमएफ उन्हें सहायता नहीं करता है तो यह और नीचे लुढ़क ने की संभावना है। पाकिस्तान ने आईएमएफ के साथ समझौता कर उसकी शर्तों पर अमल करने का प्रयास किया है और इसी के चलते पेट्रोल गैस बिजली के दामों में बढ़ोतरी कर दी है पाकिस्तान की जनता पर अब नया कर्ज लाभ दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी के देश पाकिस्तान को किसी भी तरह की मदद करने से इंकार कर चुके हैं अब केवल इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड ही पाकिस्तान सरकार को कुछ दिनों के लिए बचा सकता है लेकिन उनके द्वारा दिए जाने वाले लोन के विरुद्ध पाकिस्तान के पास किसी तरह की कोई गारंटी उपलब्ध नहीं है। भारत और पाकिस्तान 15 अगस्त 47 को एक साथ आजाद हुए थे मोहम्मद अली जिन्ना ने पाकिस्तान को एक इस्लामी राष्ट्र बनाकर आतंकवाद की बुनियाद रखी थी। धीरे-धीरे पाकिस्तान आतंकवाद की राह पर चलने लगा एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उसकी आतंकवादी छवि ने उसके आर्थिक विकास को नेस्तनाबूद कर दिया ।भारत आज वैश्विक स्तर पर एक नई शक्ति बन चुका है दूसरी तरफ पाकिस्तान आज की स्थिति में पूरी तरह से कंगाल होकर पूरी दुनिया के कर्जे में डूबा हुआ कर्जा पटाना तो दूर वह ब्याज बनाने की स्थिति में नहीं है। पाकिस्तान पाई पाई के लिए मोहताज है आम जनता आटे, दाल ,नमक, शक्कर ,पेट्रोल-डीजल के लिए सड़कों पर प्रदर्शन कर रही हैं। पाकिस्तान के पास अब श्रीलंका जैसे हालात पैदा हुए हैं और दिवालिया होने की कगार पर है अब केवल इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड के सामने दिवालिया होने से बचाने के लिए उनकी शर्तों का पूरा पालन करने की की मजबूरी है अन्यथा पाकिस्तान भी पूरी तरह दिवालिया हो जाएगा। दिवालिया होने की कगार पर पाकिस्तान होने के बावजूद सहवाज शरीफ स्वतंत्र कश्मीर का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राग अलाप रहे हैं यह उनकी मानसिक स्थिति के दिवालियापन को दशार्ता है। पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सभी देशों द्वारा किनारे कर दिया गया है और वह एक आतंकवादी पोषक देश के रूप में भी जाना जाता है।



# जनता की जिन्दगी बदलने का अभियान है विकास यात्रा : मुख्यमंत्री शिवराज

पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड मप्र
दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड में मेडिकल कॉलेज और नगर निगम बनाया जायेगा**

**विकास और जनता के कल्याण के लिये धन की कमी नहीं आने देंगे**

**संत रविदास जी के जन्म-स्थल पर भी जायेगी तीर्थ-यात्रा**

**तीर्थ-दर्शन योजना में मार्च माह से हवाई जहाज से भी करायेंगे तीर्थ-दर्शन**

**जन सेवा अभियान में 3 लाख 77 हजार हितग्राहियों को स्वीकृति-पत्र वितरण**

**397 करो? 63 लाख रूपये के 125 विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण**

**विकास यात्रा के रथों को दिखाई हरी झंडी**

**विकास और जनता की भलाई के लिये साथ चलने का दिलाया संकल्प**

**मुख्यमंत्री भिण्ड में संभाग स्तरीय कार्यक्रम में हुए शामिल**

**विकास यात्रा का किया शुभारंभ**

**मुख्यमंत्री ने भिण्ड से किया विकास यात्रा के गीत का अनावरण**

भिण्ड । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश में आज संत रविदास जयंती से शुरू हुई विकास यात्रा जनता की जिन्दगी को बदलने का अभियान है। संत रविदास अद्भुत संत थे। उनकी पंक्तियाँ- ''ऐसा चाहूं राज मैं, जहाँ मिले सबन को अन्न, छोटे-ब?ों सब सम बसे, रविदास रहे प्रसन्न'' पर केन्द्र और हमारी सरकार कार्य कर रही है। हमारा संकल्प गरीबों का कल्याण है। इसी उद्देश्य से प्रदेश में गाँव-गाँव और वार्डों में मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान चला कर ऐसे परिवारों को चिन्हित किया गया, जो शासकीय योजना का लाभ लेने से वंचित थे। अभियान में 83 लाख पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें स्वीकृति-पत्र वितरण का कार्य किया जा रहा है। आज चंबल संभाग के 3 लाख 77 हजार नये हितग्राहियों को 38 विभिन्न



योजनाओं के स्वीकृति-पत्र वितरित किये गये है। इन सभी हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जायेगा। विकास यात्रा के दौरान भी शेष रहे पात्र व्यक्तियों को चिन्हित कर योजनाओं से जो?ने की अहम कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने इस अवसर पर भिण्ड जिले के 397 करोड 63 लाख रूपये के 125 विकास कार्यो का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। उन्होंने विकास यात्रा के गीत का भी अनावरण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान भिण्ड जिले में विकास यात्रा की शुरूआत, मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान में स्वीकृति-पत्र वितरण और विकास कार्यों के लोकार्पण-शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने विकास यात्रा के रथों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। कार्यक्रम की शुरूआत कन्या-पूजन और संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गईइस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भिण्ड में मेडीकल कॉलेज बनाने और भिण्ड नगर पालिका को नगर निगम का दर्जा दिलाने की घोषणा की। श्री चौहान ने सिरोमणि संत रविदास की जयंती पर घोषणा करते हुए कहा कि संत रविदास जी के जन्म स्थल पर भी जाएगी तीर्थदर्शन यात्रा। उन्होंने कहा कि माह मार्च से बुजुर्गो को अब हवाई जहाज से भी तीर्थ दर्शन यात्रा कराई जाएगी।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज से हम विकास यात्राओं की शुरूआत कर रहे है। यह यात्राऐं जिले के सभी ग्रामों एवं शहरी वार्डो में जाएगी। यह यात्राऐं कोई कर्मकांड नहीं होगी यह जनता की जिंदगी बदलने का अभियान है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि विकास यात्रा का मकसद शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करना हैं। उन्होंने कहा कि विकास यात्राओं में लोकापर्ण, शिलान्यास के कार्य किये जाएंगे, हितलाभो का वितरण भी विकास यात्राओं के दौरान किया जाएगा। इसी के साथ शासन की योजनाओं से छूटे हुए व्यक्तियों के नाम जोडकर उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मैं अपनी बहनो की जिंदगी को आसान बनाता चाहता हूँ। पूर्व से संचालित योजनाओं के साथ अब लाडली बहना योजना मेरी बहनो की जिंदगी संवारेगी। योजनान्तर्गत बहनो को हर माह एक हजार रूपये यानि साल में 12 हजार रूपये और पांच साल में 60 हजार रूपये देने की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जो कहीं नहीं हुआ वह मध्यप्रदेश में हुआ है वह किसी ने नहीं किया वह आपका भाई शिवराज करेंगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि मुझे प्रसन्नता है कि मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान से प्रदेश में 83 लाख ऐसे व्यक्तियों को चिंन्रित किया गया है जो शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की पात्रता रखते है। इन सभी नागरिको को 38 विभिन्न योजनाओं में लाभान्वित करने स्वीकृति-पत्र वितरण कार्य प्रदेश में चल रहा है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार गरीबो के कल्याण के लिए अनेक योजनाऐं चला रही है। गरीब के लिए राशन, पढाई, दवाई और आवास की व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है। भू-माफियाओं से शासकीय जमीन छुडाकर गरीबो के लिए आवास बनाये जा रहे है आयुष्मान योजना में कार्डधारी परिवारों को एक साल में पांच लाख तक रूपये की उपचार सुविधा भी दी जा रही है। लाडली लक्ष्मी और गरीब एवं मध्यम वर्गीय प्रतिभाशाली बच्चों की उच्च शिक्षा की फीस भी राज्य सरकार द्वारा भरी जा रही है। भिण्ड जिले में 48 बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु 25 हजार रूपये की सहायता राशि प्रदान की गई है। साथ ही मेद्यावी छात्र योजनान्तर्गत वोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले 1600 से अधिक बच्चों को लेपटोप वितरित किये जा चुके है।
मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि किसानों के खातो में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि से 2 लाख 25 हजार करोड रूपये किसानों के खातो में डाले गए है। उन्होंने कहा कि कनेरा सिंचाई योजना भी स्वीकृत हो गई है।प्रदेश में 45 लाख हैक्टेयर क्षेत्रफल में सिंचाई हो रही है,सरकार ने इसे बढ़ाकर 65 लाख हैक्टेयर करने लक्ष्य रखा गया है । उन्होंने भिण्ड के अधिकारियों से कहा कि वे सिंचाई के प्रस्ताव बनाये। हम सभी सिंचाई प्रस्तावो को स्वीकृत करेंगे। उन्होंने कहा कि एक भी खेत पानी से वंचित नहीं रहेगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम से विकास और जनता की भलाई के लिए साथ चलने का संकल्प भी दिलाया।जिले के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री जी लगातार लोगों की भलाई उनके कल्याण के लिए नई-नई योजनाओं को साकार करते है। जनसेवा भी उन्हीं की देन है। उनका यह संकल्प था कि प्रत्येक जरूरतमंद को योजनाओं का लाभ मिले। आज जो विकास यात्रा की शुरूआत हो




रही है वह भी मुख्यमंत्री जी की सोच है। इस विकास योजना में विकास कार्यो भूमिपूजन के साथ-साथ पूर्ण हुए है। विकास कार्यो का भी लोकापर्ण होगा। सभी जरूरत मंदो को योजनाओं का लाभ देकर उन्हें शून्य की स्थिति में लाना है। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि जनसेवा अभियान जनसेवा अभियान पत्रो का वितरण सभी 230 विधानसभाओं में किया गया। साथ ही भिण्ड धरती पर चंबल संभाग के भिण्ड, मुरैना एवं श्योपुर जिले के 3 लाख 77 हजार हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। आज का दिन हमारे लिए गौरव का दिन है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व की सरकार ने पूरे चंबल संभाग को भयमुक्त और शांति का वातावरण पैदा कर चंबल को शांति का टापू बनाया है। इटावा तक फोर लाईन अटल प्रोग्रेस वे में साढे 8 करोड की स्वीकृति दिलाने गांव-गांव लाईट फीडर सेफरेशन की व्यवस्था कराने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने कहा कि संत रविदास ने सामाजिक समरसता, एकता को जोडने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चलने वाले विकास यात्रा मध्यप्रदेश की तसवीर को बदलेगी, लोगों की तरकदीर बदलेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश को बीमारू राज्य से उवारा है। कार्यक्रम को क्षेत्रीय सांसद श्रीमती संध्या राय, भिण्ड विधायक संजीव सिंह कुशवाह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम शैलेन्द्र बरूआ अध्यक्ष म.प्र. पाठ्य पुस्तक निगम,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना सुनील सिंह भदौरिया, अध्यक्ष हस्तशिल्प एवं अथकरगा विकास निगम रणवीर जाटव,अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्टीय अध्यक्ष लालसिंह आर्य,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती वर्षा बाल्मीकि,भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह नरवरिया, पूर्व सांसद अशोक अर्गल एवं डॉ भागीरथ प्रसाद, केपी सिंह, रमेश दुबे,आयुक्त चंबल संभाग दीपक सिंह,एडीजी राजेश चावला,कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान,सहित भिण्ड के जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में शहरी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## जिले की कानून व्यवस्था चौपट : मानसिंह कुशवाहा

### जिला कांग्रेस कमेटी ने सौंपा मुख्यमंत्री को ज्ञापन

दैनिक पुष्पांजली टुडे

**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विकास सभा को संबोधित करने भिंड जिले के एमजीएस ग्राउंड में पहुंचे। जिले में बढ़ते अपराधिक मामलों को लेकर व हाल में ही कुछ समय पूर्व हुई उदोत पूरा गांव में नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद मौत के घाट उतारने वाले को अभी तक पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई जिसे लेकर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाहा के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ज्ञापन पत्र सौंपा गया। ज्ञापन में देते हुए जिलाध्यक्ष श्री कुशवाहा ने कहा देहात थाना अंतर्गत एक नाबालिक बच्ची की हत्या को 10 दिन से ज्यादा का समय हो गया आज दिन



तक पुलिस उसको ट्रेस नहीं कर पाई मेहगांव में तीन हत्या हो गई लगातार जिलेभर में गोली लूट अपरहण जैसी घटनाएं आम बात हो गई है जिले में चल रही अवैध वसूली के भी फुटेज दिखाते हुए उन पर भी कार्यवाही की मांग की। एव अपनी बात रखते हुए उन्होंने कहा एक ओर प्रदेश की बच्चियों को भांजी के नाम से बुलाते हैं। दूसरी ओर उसके परिजन को न्याय के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा श्री कुशवाहा को आश्वस्त किया गया।इस बीच उनके साथ जिला कांग्रेस कमेटी प्रतिनिधि मंडल में राधेश्याम शर्मा,अमित दातरे,बिजेंद्र सिंह उर्फ कल्लू ,वीरेंद्र यादव,राहुल राजावत,नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका,संतोष त्रिपाठी,राजबीर बघेल,सुराजपाल राजावत आदि लोग सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनता के जीवन मे बड़े बदलाव का आगाज है विकास यात्रा :डॉ रमेश दुबे

दैनिक पुष्पांजली टुडे



**भिण्ड ।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा विकास यात्रा को हरी झंडी दिखाए जाने के बाद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ रमेश दुबे ने भिण्ड विधानसभा के जामपुरा अतरसूमा गांव से विकास यात्रा को आरंभ किया।डॉ दुबे ने शासन की जनहितैषी योजनाओं के बारे में जनता से बात की और योजनाओं के लाभ से जनता को अवगत कराया।डॉ दुबे ने कहा कि ये विकास यात्रा जनता के जीवन को बदलने का कार्य करेगी और प्रदेश की जनता के जीवन मे यकायक बड़ा परिवर्तन लाएगी, केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश सरकार मिलकर डबल इंजन की सरकार बनकर काम कर रही हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री स्वरोजगार योजना, आवास योजना, वेक्सिनेशन महाअभियान, किसान सम्मान निधि जैसी अनगिनत योजनाएं सीधे देश की जनता तक पहुंच रही हैं तो दूसरी तरफ प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजनाएं जैसे कि मुख्यमंत्री आवास योजना,लाडली लक्ष्मी योजना, स्वरोजगार योजना, युवा उद्यमी योजना आदि सहित सैकड़ों योजनाएं जनता का जीवन बदलने काम काम कर रही हैं।डॉ दुबे ने कहा कि इस विकास यात्रा के पीछे वो प्रयास हैं जो हमारी भाजपा सरकार ने जनता के हित में उठाये हैं,ये यात्रा आज शुरू नहीं हुई है,ये यात्रा तब से शुरू है जब से भारतीय जनता पार्टी ने जनसेवा का संकल्प लिया था, आज हम विकास यात्रा के माध्यम से जन जन तक पहुंचकर उन्हें शासन की हर योजना का लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं ताकि कोई भी वंचित न रहे, अब हर लाभार्थी के खाते में सीधा लाभ दिया जा रहा है, जो बिचौलिए कांग्रेस ने बैठा रखें थे,उन्हें समाप्त करने का काम भाजपा सरकार ने किया है।इस दौरान ग्रामीणजनों ने डॉ रमेश दुबे से कहा कि गांव में एक सामुदायिक भवन की आवश्यकता है, राशनकार्ड की समस्या का निदान किया जाए, पीएम किसान सम्माननिधि में पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिया जाए, नलजल योजना को भी मंजूरी दी जाए तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बांटे जाने वाले खाद्यान्न की धांधली को रोका जाए, इस पर डॉ रमेश दुबे ने कहा कि आपकी हर मांग को पूरा किया जाएगा, विकास यात्रा के दौरान जनता की हर समस्या का निवारण किया जाएगा, जनता की हर समस्या के निवारण हेतु हम पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं।इस अवसर पर उदयराज सिंह भदौरिया सरपंच,वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष डॉ शिवकुमार राजौरिया,दीपू सिंह कुशवाह,लटूरी शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार हरिओम चौधरी, राममोहन राजौरिया,श्यामसुंदर कुशवाह,प्रेम सिंह कुशवाह,नीकेराम, हरदयाल,होम सिंह, गिरजेश,दिनेश, बांकेबिहारी,संतोष,कमलेश,विपिन, दिलीप,अमित,पिम्पल,सुरेंद्र सिंह, जबर सिंहः सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की स्मृति में चल रहे मंत्री कप में चल रहे फटाफट मुकाबले



मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय

-अमर सहीद गणेश शंकर विद्यार्थी की स्म्रति में चल रहे मंत्री कप 2023 के छठवे दिन के छ मैच हुए जिसमेपहला मैच बरीं और काछी बरखेड़ा के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए बरीं की टीम ने 121 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए काछी बरखेड़ा की टीम 81 रन ही बना पाई। दिन का दूसरा मैच माधौपुर और पारकना के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए माधौपुर की टीम ने 115 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए पारकना की 113 रन बना पाई और ये मैच माधौपुर ने 2 रन से जीत लिया । दिन का तीसरा मैच गोरा सहराई और मदऊखेड़ी के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए गोरा सेहराई ने 82 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए मदऊखेड़ी ने 77 रन ही बना पाए और ये मैच गोरा सेहराइ ने 5 रन से जीत लिया । दिन चौथा मैच बहादुरपुर और गरेठी के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए गरेठी ने 114 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए बहादुरपुर ने के राजा खान ने आखिरी वॉल पर छक्का मार के बहादुरपुर को मैच जिताया। दिन का पांचवा मैच खजुरिया और गड़ला के मध्य हुआ जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए खजुरिया की टीम ने 6 ओवर में 60 रन बनाए जिसका पीछा करते हुए गड़ला की टीम ने 5 ओवर में जीत लिया । आज के दिन के मुख्य अतिथि नवीन रघुवंशी , पंजाब गुर्जर , विकास यादव रिछा बैजनाथ यादव और आयोजक ग्रामीण ज्ञानालय अर्जुन बृजेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## नेटबॉल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



पुष्पाजंली टुडे

**बेंगलुरु।** अर्बन डिस्ट्रिक्ट नेट बॉल एसोसिएशन द्वारा महालक्ष्मी लेआउट खेल मैदान में आयोजित नेटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में विजेता टीम को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## भरतमुनि जयंती समारोह आयोजित

### चित्र से बनता है चरित्रः पचौरी

महेंद्र शर्मा, उपसंपादक पुष्पांजली टुडे



ग्वालियर। चित्र से चरित्र बनता है। इसलिए फिल्में ऐसी बननी चाहिए जिससे समाज और देश में नैतिकता के साथ राष्टीयता को बढ़ावा मिले। जब शास्त्रों का सम्मान नहीं होगा तो ज्ञान का भी विस्तार नहीं होगा। ऐसे में मनुष्य केवल भोजन करने और संतानोत्पत्ति करने का यंत्र बनकर ही रह जाएगा।यह बात भारतीय शिक्षण मंडल के राष्टीय महामंत्री डॉ.उमाशंकर पचौरी ने नई सडड़ स्थित राष्टोत्थान न्यास के विवेकानंद सभागार में आयोजित भरतमुनि समारोह में मुख्यवक्ता के रूप में कही। चित्र भारती एवं वंदे मातरम समूह ग्वालियर द्वारा आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान के निदेशक डॉ.आलोक शर्मा ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया, वंदेमातरम समूह के संरक्षक यशपाल तोमर, चित्र भारती के प्रांत सह संयोजक दिनेश चाकणकर थे। मुख्य वक्ता डॉ.पचौरी ने कहा कि नाटकों के संबंध में शास्त्रीय जानकारी को नाट्यशास्त्र कहते हैं। इस जानकारी का सबसे पुराना ग्रंथ भी नाट्यशास्त्र के नाम से जाना जाता है। जिसके रचयिता भरत मुनि थे। भरत मुनि का जीवनकाल 400 ईसापूर्व से 100 ई. के मध्य किसी समय माना जाता है। संगीत, नाटक और अभिनय के सम्पूर्ण ग्रंथ के रूप में भारतमुनि के नाट्य शास्त्र का आज भी बहुत सम्मान है। उन्होंने कहा कि नाट्य शास्त्र में केवल नाट्य रचना के नियमों का आकलन नहीं होता बल्कि अभिनेता, रंगमंच और प्रेक्षक इन तीनों तत्वों की पूर्ति के साधनों का विवेचन होता है। 37 अध्यायों में भरतमुनि ने रंगमंच, अभिनेता, अभिनय, नृत्यगीत वाद्य, दर्शक, दशरूपक और रस निष्पत्ति से सम्बन्धित सभी तथ्यों का विवेचन किया है। भरत के नाट्य शास्त्र के अध्ययन से यह स्पष्ट हो जाता है कि नाटक की सफलता केवल लेखक की प्रतिभा पर आधारित नहीं होती बल्कि विभिन्न कलाओं और कलाकारों के सम्यक के सहयोग से ही होती है। मुख्य वक्ता डॉ.पचौरी ने कहा कि भारतीय परंपरा की बात करें तो मदनोत्सव या बसंतोत्सव का प्रारंभ माघ महीने के शुक्ल पक्ष की पंचमी यानी बसंत पंचमी से होता है। भारतीय संस्कृति के वैलेंटाइन भगवान श्रीकृष्ण हैं। विशेष अतिथि पूर्व विधायक घनश्याम पिरोनिया ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को बचाने का प्रयास करना चाहिए। श्री तोमर ने कहा कि चित्र भारती भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इससे निश्चितरूप से हमारी संस्कृति सुरक्षित रहेगी। चित्र भारती के सह प्रांत संयोजक दिनेश चाकणकर ने कहा कि भारतीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के साथ कला और सामाजिक परिवर्तन के रूप में फिल्म और मीडिया के अध्ययन को बढ़ावा देने तथा कलात्मक मूल्यों और सामाजिक सरोकारों की फिल्मों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चित्र भारती की स्थापना की गई। भारत और विदेशों में फिल्मों में चित्र भारती का मुख्य उद्देश्य है। भारतीयता के अनुकूल फिल्म संस्कृति के प्रचार के लिए फिल्मों का निर्माण और प्रदर्शन करना एवं बढ़ावा देने के प्रयासों को प्रोत्साहित करना। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंध संस्थान के निदेशक डॉ.आलोक शर्मा ने कहा कि नाटक समाज में परिवर्तन ला सकता है। कार्यक्रम का संचालन वंदे मातरम समूह ग्वालियर के अध्यक्ष चन्द्र प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कलाकार श्रीअनिल तिवारी का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर श्री अतुल अधौलिया, डॉक्टर निशांत शर्मा, हिमांशु द्विवेदी,डॉक्टर लोकेंद्र सिंह कामर, अरुण शर्मा, रेखा भदौरिया, चंद्रशेखर बरुआ विकास सेन, मनीष मांझी समेत अनेक लोग उपस्थित थे।

# पुलिस का सराहनीय कार्य सिर्फ ड्यूटी ही नही ,ड्यूटी के साथ हमदर्दी भी

## परिवार से बिछड़ी बालिका को कुछ ही घंटे में कोतवाली पुलिस ने परिवार से मिलाया



**महेंद्र शर्मा, उपसंपादक**
**पुष्पांजली टुडे**

आज विकास यात्रा कार्यक्रम के दौरान सेक्टर नंबर 04 में एक छोटी सी बच्ची जोर जोर से रो रही थी तभी वह ड्यूटी में तैनात निरी मोनिका मिश्रा द्वारा उस बच्ची के पास जाकर उसे स्नेह दिया और थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र शर्मा को भी सूचित किया मौके से बच्ची को थाने पर बुला चाइल्ड लाइन टीम मेंबर अन्नू तोमर, और धीरेंद्र श्रीवास्तव को भी थाना बुलाया। नगर पुलिस अधीक्षक महोदय सुश्री निशा रेड्डी जी के निर्देशन में बच्ची से प्यार से उसके घर के बारे में पूछा गया तो बच्ची ने तोतली भाषा में बताया की उसके पापा फुला (पॉपकॉर्न) का ठेला लगाते है इस पर ठेले वालो को तलाशा गया और बच्ची के पिता को खोज कर उसके सुपुर्द किया गया। बालिका का नाम - रीना उम्र 05 साल, बालिका के पिता का नाम रामहेत पिता बलराम सिंह राठौर उम्र 32 साल निवासी वीरेंद्र नगर भिंड।

# शहीद स्वर्गीय श्री विवेक सिंह तोमर शहीद पार्क एवं मूर्ती स्थापना को लेकर मंत्री ने लिखा पत्र





**पुष्पांजली टुडे**

**मुरैना।** जिलाधिकारी महोदय मुरैना श्री अंकित अष्ठाना जी को आदरणीय राष्टीय कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र सिंह तोमर जी भिड़ेसा द्वारा प्रभारी मंत्री मुरैना श्री भारत सिंह कुशवाह जी को प्रेषित पत्र जिसमे रुअर ग्राम मे शहीद स्वर्गीय श्री विवेक सिंह तोमर शहीद पार्क एवं मूर्ती स्थापना एवं ग्राम लेपा मे आसान नदी पर रपटा और ग्राम एकाहरा से लेकर किर्रायच गज्जू की गड़ी तक आम रास्ते के लिए आदरणीय प्रभारी मंत्री श्री भारत सिंह कुशवाह जी ने आदरणीय मुरैना जिलाधिकारी जी को अग्रिम कार्यवाही हेतु लिखित पत्र दिया जिसको आज जिलाधिकारी महोदय द्वारा मार्क करवा के सबंधित विभाग मे भिजवाया आदरणीय जिलाधिकारी जी ने अस्वस्त किया है की आगामी जिलायोजना समिति की बैठक मे इस पर प्रभाधानुसार समुचित व्यवस्था की जाएगी।

# बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पूर्व सरपंच का जन्मदिन : पूर्व सरपंच



**मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय**

वरिष्ठ पत्रकार एवं जिला कांग्रेस प्रवक्ता श्रीमान राजकुमार नरवरिया का जन्मदिन मित्र गणों ने बड़ी धूमधाम से मनाया बधाई करता बधाई करता जितेंद्र राय ठेकेदार संदर्भ सैनी ठेकेदार दिनेश बाबा पत्रकार जयदीप नरेंद्र रैकवार रामगोपाल कुशवाहा प्रतीक राय बलराम कुशवाहा प्रदीप सत्येंद्र दीपक यादव नरेंद्र यादव एवं समस्त मित्र मंडली

# रक्तदान शिविर पोस्टर का विमोचन

**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** ।सीरवी नवयुवक मंडल परगना समिति बिलाड़ा के तत्वावधान में इस माह में आयोजित होने वाले विशाल रक्तदान शिविर के लिए पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, नवयुवक मंडल अध्यक्ष अशोक परिहार ने बताया कि संगठन के तत्वावधान ने संचालित सीरवी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य समिति द्वारा आगामी 19 फरवरी 2023 को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमे 500 से अधिक रक्तवीर हिस्सा लेंगे, इस कार्यक्रम के भामाशाह गोविंद राम राठौड़ पुत्र श्री घीसाराम राठौड़, बेरा भियांवतारट, बिलाड़ा हाल मुकाम टुमकुर बंगलुरू रहेंगे, उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर की तैयारियों के क्रम में ही आज स्थानीय सीरवी समाज बगेची, बिलाड़ा में पूर्व विधायक अर्जुन लाल गर्ग की अध्यक्षता में विशाल रक्तदान शिविर का पोस्टर विमोचन किया गया, उन्होंने शिविर को सफल बनाने हेतु सर्वसमाज के अधिक से अधिक रक्तदाताओं को भाग लेने हेतु विशेष अपील की, नगरपालिका अध्यक्ष रूपसिंह परिहार ने मानव हितार्थ आयोजित रक्तदान की आवश्यकता पर अपने विचार रखे, नेता प्रतिपक्ष अर्जुन सिंह बोचावत ने आपातकाल





परिस्तिथियों में जरूरतमंदों की मदद करने हेतु रक्तदान शिविर के आयोजन को सराहा , इस अवसर पर लक्ष्मण पटेल उपाध्यक्ष , नगर पालिका बिलाड़ा,धनाराम लालावत ,प्रांतीय अध्यक्ष सीरवी महासभा, राजस्थान , प्रेम सिंह कोटवाल ,धनाराम हांबड, चैयरमेन डेयरी बाबूलाल राठौड़, ब्लॉक भाजपा अध्यक्ष, तरुण मुलेवा अध्यक्ष कृषि मंडी, महेंद्र सिंह राठौड़ पूर्व अध्यक्ष कृषि मंडी , देवी सिंह भींवराज पूर्व अध्यक्ष नवयुवक मंडल,मनोहर सिंह हाम्बड़, पूर्व चेयरमैन नगर पालिका , समाजसेवीलादूराम राठौड़ , धुरेंद्र मेघवाल भाजपा नेता, शैतान सिंह राठौड़ समाज सेवी एवं किसान नेता , फुवाराम राठौड़ पार्षद , पन्नाराम जांझावत पार्षद , नारायण लाल पार्षद, धनाराम राठौड़, तुलछाराम परिहार समाजसेवी एवं भामाशाह ,
प्रेम प्रकाश चोयल प्रधानाचार्य,
जयराम राठौड़, गजाराम परिहार
महेंद्र राठौड़, डॉ ओम प्रकाश बर्फा
शेषाराम राठौड़, उपाध्यक्ष चिमन सिंह बर्फा,
सचिव जगदीश बर्फा
कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश राठौड़
, महेद्र पालावत, राजूराम राठौड़
प्रमोद राठौड़ , एडवोकेट सी आर चौधरी,
समाजसेवी चंद्रसिंह हांबड
शिक्षक संघ अध्यक्ष रतन लाल पंवार, चंद्रसिंह राठौड़, तुलछाराम काग, कानाराम पटेल , मदनलाल मेरावत, देवाराम राठौड़ जगदीश सीरवी, प्रेम सिंह मेरावत प्रेम सिंह बर्फा, तुलछाराम सीरवी चेनाराम पालावत, चुनाराम चोयल सहित अनेक समाज सेवी बन्धु उपस्थित रहे!

# जिले में विकास और जनकल्याण के लिए शुरू हुई विकास यात्रा

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शासन की मंशा के अनुसार पूरे प्रदेश के साथ भिण्ड जिले में भी संत रविदास जयंती के अवसर पर विकास यात्रा प्रारंभ हुई।शासकीय योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी संवाद के माध्यम से देते हुए लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को हितलाभ के वितरण करना एवं कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे इसलिए शेष वंचितों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभ दिलाया जाना है। इसी उद्देश्य से भिण्ड जिले के विकास खण्ड भिण्ड, गोहद, मेहगांव, अटेर एवं लहार के सभी ग्रामों में विकास यात्रा रथ के साथ अधिकारी/कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगणों ने भ्रमण कर आमजनों की समस्याओं को सुना और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उसके लाभ के संबंध में जानकारी दी। साथ ही जनसेवा अभियान अंतर्गत योजनाओं से लाभांवित होने वाले हितग्राहियों को



स्वीकृति पत्रों का मौके पर वितरण किया गया।विकास रथ के माध्यम से मिली लोगों को योजनाओं की जानकारी-विकास यात्रा के दौरान जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों में विकास रथों के माध्यम से जन सामान्य को ऑडियो एवं वीडियो के माध्यम से शासन की जन कल्याणकारी एवं हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी प्रदाय कर योजनाओं पर केन्द्रित प्रचार-साहित्य का वितरण किया जा रहा है।जिलेभर में निकाली गई विकास यात्राओं के दौरान हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। इस दौरान हितग्राहियों ने विकास यात्रा को प्रदेश सरकार का सराहनीय कदम बताया। ग्राम बिलोनी,जैतपुरा मड़ी, दबरेहा जागीर, बोहारा सहित अनेक ग्राम पंचायतों के नागरिकों ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दिया।

# मालनपुर पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत नाबालिक किशोरी को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया







**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर /** पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में एवं गोहद अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आरकेएस राठौर के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत उनि बलवन्त सिंह यादव थाना प्रभारी मालनपुर व टीम द्वारा नाबालिक अपहृत बालिका को दस्तयाब कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।27 जनवरी.2023 को मालनपुर से नाबालिग किशोरी के चले जाने की रिपोर्ट पर अप0क्र0 16/2023 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। ऑपरेशन मुस्कान के तहत बालिका को दस्तयाब किया गया। और आरोपी को गिरफ्तार किया गया हउक्त कार्यवाही में उनि बलवन्त सिंह यादव, थाना प्रभारी ,प्र0आर0 विक्रम सिंह परिहार, प्र0आर0 राघवेन्द्र शुक्ला, आर0 पंकज तोमर, आर0 मंगल सिंह गुर्जर, आर0 मनीष मांझी, आर0 नवीन तोमर, आर0 सोनू कुमार मांझी का सराहनीय योगदान रहा

## धूमधाम के साथ मनाई गई संत शिरोमणी रविदास जी की 646 वीं जन्मजयंती

# शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंची शोभायात्राओं का आयोजन समिति के द्वारा फूल मालाओं व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया भव्य स्वागत

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शहर के अंबेडकर चौक पर संत शिरोमणी रविदास जी की 646 वीं जन्म जयंती के अवसर पर गुरुवाणी एवं शहर के विभिन्न वार्डों से पहुंचे जुलूसों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमे सर्व प्रथम पूर्व वित्त मंत्री जयंत मलैया ने संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए शुभारंभ किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविदासिया धर्म संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष 1008 श्री सतपाल जी महराज के मुखारविंद से गुरुवाणी का आयोजन किया गया। जिन्होने दलित शोषित वाचित वर्ग के लिए संत रविदास जी महाराज के द्वारा किए गए उत्थान के कार्यो का बखान करते हुए। आम नागरिको के लिए सामाजिक समरसता का संदेश देने की बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि संत रविदास जी के ऊपर कई आपदाएं आई जहां सामंतवादियो व मुगलों ने धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाया लेकिन संत शिरोमणी रविदास जी ने धर्म को नहीं छोड़ा यह सर्व



समाज के लिए एक बहुत बड़ी सीख है। इस दौरान दमोह जिले के बटियागढ़ स्थित चैनपुरा, कर्रापुर, मल्लपुरा, नया बाजार 3, नया बाजार 4, चैनपुरा बजरिया वार्ड नं 6, पथरिया फाटक, हिरदेपुर, खजरी मुहल्ला, गौपुरा से सिर पर कलश लेकर पहुंची महिलाओं व अखाड़ा लेकर अंबेडकर चौक पहुंची। शोभा यात्राओं व अहिरवार समाज के पत्रकार नरेन्द्र अहिरवार एवं धीरज अहिरवार का आयोजन समिति के द्वारा फूल मालाओं व स्मृतिचिन्ह भेंट करते हुए स्वागत किया गया। आयोजन में मुख्य रूप से वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री राहुल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र बजाज, कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष मनु मिश्रा आयोजन में शामिल हुए। वहीं आयोजन समिति के अध्यक्ष भगवानदास चौधरी ने सुरक्षा व्यवस्था के चलते पुलिस कर्मियों, नगर पालिका प्रशासन एवं बिजली विभाग के साथ आयोजन में शामिल लोगों का कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। वहीं कार्यक्रम का सफल संचालन संतूलाल रोहित, डॉ मोहन आदर्श ने किया। इस दौरान आयोजन समिति में अजय जाटव, राहुल कुमार, राजेंद्र राज, सुबोध राही, पप्पू कसोटिया, हेमराज अहिरवार, डॉ हीरालाल चौधरी, मुकेश अहिरवार, करन अहिरवार, नवीन बौद्ध, बाबूलाल, धर्मेंद्र कौशल, महेंद्र अहिरवार, सुनील अहिरवार, कंचन रोहित सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुषों की मौजूदगी रही।

# नरेन्द्र मोदी सरकार गरीबों के हितों के प्रति संवेदनशील है : प्रीतम सिंह

## बजट 2023-24 के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह ।** भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में आम बजट 2023-24 के संबंध में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह, बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक श्याम शिवहरे, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेंद्र जैन, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रिंस जैन मंचासीन रहे। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर 4 फरवरी को संपूर्ण प्रदेश में प्रत्येक जिले में आम बजट 2023-24 के संबंध में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें बजट संबंधी विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए पत्रकार वार्ता की जा रही है साथ ही आम बजट 2023-24 के संबंध में आगामी गतिविधियों के लिए समिति का गठन किया गया है जिसमे श्याम शिवहरे, जुगल अग्रवाल एवं प्रिंस जैन होंगे।पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि अमृत काल का पहला आम बजट 2023-24 लोक कल्याणकारी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर



डेवलपमेंट, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी क्षेत्रों सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। देश का 75वां आम बजट ईज ऑफ लिविंग को बढ़ाने पर जोर देने वाला बजट है। यह दुनिया में सबसे तेज गति से देश को विकास की राह दिखाने वाला, सरकार शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष के लिए हर साल 10,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देगी। एम एस एम ई को 9 हजार करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटी दी जाएगी। जिससे घरेलू अर्थव्यस्था को एक नई मजबूती देगी और इससे रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत को सुपर इकोनामी पॉवर बनाने वाला बजट है। ऐसे सर्व-स्पर्शी, सर्व समावेशी एवं देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट के लिए हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं उनकी पूरी टीम का हार्दिक अभिनंदन करते हैं। आम बजट 2023-24 का एजेंडा है -नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करना, और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना।इस बजट की 7 अर्थात् सप्तर्षि प्राथमिकताएं हैं-समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 साल हेतु विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है। पिछड़े आदिवासी समूहों की सामाजिक - आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएम पीबीटीजी विकास मिशन शुरू किये जाने का निर्णय नरेन्द्र मोदी सरकार की आदिवासी विकास के प्रति गंभीरता को दिखाता है। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए एक कृषि त्वरक कोष की स्थापना का निर्णय भी एक सराहनीय कदम है जो कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस बजट में पीएम आवास योजना का बजट ब? कर 69 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है। पीएम आवास योजना में 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाती है कि नरेन्द्र मोदी सरकार गरीबों के लिए कितनी संवेदनशील है।50 पर्यटन स्थलों की पहचान कर, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को संपूर्ण पैकेज के रूप में इन्हें विकसित किया जाएगा। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट और हैंडीक्राफ्ट आइटम को बढ़ावा दिया जाएगा। जैव विविधता, कार्बन स्टॉक, इकोटूरिज्म के अवसरों और स्थानीय समुदायों के लिए आय बढ़ाने के लिए अगले 3 वर्षों में अमृत धरोहर योजना लागू की जाएगी। 10,000 करोड़ रुपये के कुलनिवेश पर सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए गोर्वधन योजना के तहत 500 नए वेस्ट-टू-वेल्थ प्लांट स्थापित किए जाएंगे। कुल मिलाकर, यह बजट आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट है। इस बजट में किसान, मध्य वर्ग, महिला से लेकर समाज के सभी वर्ग के विकास की रूपरेखा है।

## नरेन्द्र मोदी सरकार गरीबों के हितों के प्रति संवेदनशील है : प्रीतम सिंह

# बजट 2023-24 के संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह** - भारतीय जनता पार्टी जिला दमोह द्वारा जिला भाजपा कार्यालय में आम बजट 2023-24 के संबंध में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह, बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक श्याम शिवहरे, जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार, सह प्रभारी महेंद्र जैन, युवा मोर्चा जिला महामंत्री प्रिंस जैन मंचासीन रहे। जिला मीडिया प्रभारी राघवेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि केंद्रीय नेतृत्व के आवाहन पर 4 फरवरी को संपूर्ण प्रदेश में प्रत्येक जिले में आम बजट 2023-24 के संबंध में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें बजट संबंधी विभिन्न जनकल्याणकारी नीतियों को आमजन तक पहुंचाने के लिए पत्रकार वार्ता की जा रही है साथ ही आम बजट 2023-24 के संबंध में आगामी गतिविधियों के लिए समिति का गठन किया गया है जिसमे श्याम शिवहरे, जुगल अग्रवाल एवं प्रिंस जैन होंगे।पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने कहा कि अमृत काल का पहला आम बजट 2023-24 लोक कल्याणकारी बजट है। यह गाँव, गरीबों, किसानों, आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, शोषितों, वंचितों, दिव्यांगजनों, आर्थिक रूप से पिछड़े तथा मध्यम वर्ग के लोगों को सशक्त और सक्षम बनाने वाला बजट है। यह ग्राम विकास, कृषि विकास, श्रमिक कल्याण, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, पूर्वोत्तर एवं पहाड़ी क्षेत्रों सहित पूरे देश के समग्र विकास को समर्पित बजट है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा देश के नागरिकों को सामाजिक न्याय, समानता, सम्मान और समान अवसर उपलब्ध कराने वाला बजट है। देश का 75वां आम बजट %ईज ऑफ लिविंग% को बढ़ाने पर जोर देने वाला बजट है। यह दुनिया में सबसे तेज गति से देश को विकास की राह दिखाने वाला, सरकार शहरी बुनियादी





ढांचा विकास कोष के लिए हर साल 10,000 करोड़ रुपये खर्च करेगी। यह शहरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को और मजबूती देगी। एम एस एम ई को 9 हजार करोड़ रुपए की क्रेडिट गारंटी दी जाएगी। जिससे घरेलू अर्थव्यस्था को एक नई मजबूती देगी और इससे रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। भारत को सुपर इकोनामी पॉवर बनाने वाला बजट है। ऐसे सर्व-स्पर्शी, सर्व समावेशी एवं देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के प्रति समर्पित आम बजट के लिए हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण एवं उनकी पूरी टीम का हार्दिक अभिनंदन करते हैं। आम बजट 2023-24 का एजेंडा है -नागरिकों के लिए बड़े अवसर उपलब्ध कराना, विकास और रोजगार सृजन को मजबूत प्रोत्साहन प्रदान करना, और व्यापक आर्थिक स्थिरता को मजबूत करना।इस बजट की 7 अर्थात् सप्तर्षि प्राथमिकताएं हैं-समावेशी विकास, लास्ट माइल डिलीवरी, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, हरित विकास, युवा और वित्तीय क्षेत्र की मजबूती यह महज वर्ष 2023-24 के डेवलपमेंट का एजेंडा नहीं है, बल्कि देश के लिए अगले 25 से 50 साल हेतु विकसित अर्थव्यवस्था की बुनियाद रखने वाला ब्लू प्रिंट है। पिछड़े आदिवासी समूहों की सामाजिक - आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए पीएम पीबीटीजी विकास मिशन शुरू किये जाने का निर्णय नरेन्द्र मोदी सरकार की आदिवासी विकास के प्रति गंभीरता को दिखाता है। युवा उद्यमियों द्वारा कृषि-स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए एक कृषि त्वरक कोष की स्थापना का निर्णय भी एक सराहनीय कदम है जो कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस बजट में पीएम आवास योजना का बजट ब? कर 69 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है। पीएम आवास योजना में 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाती है कि नरेन्द्र मोदी सरकार गरीबों के लिए कितनी संवेदनशील है।50 पर्यटन स्थलों की पहचान कर, घरेलू और अंतरराष्ट्रीय पर्यटन को संपूर्ण पैकेज के रूप में इन्हें विकसित किया जाएगा। वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट और हैंडीक्राफ्ट आइटम को बढ़ावा दिया जाएगा। जैव विविधता, कार्बन स्टॉक, इकोटूरिज्म के अवसरों और स्थानीय समुदायों के लिए आय बढ़ाने के लिए अगले 3 वर्षों में अमृत धरोहर योजना लागू की जाएगी। 10,000 करोड़ रुपये के कुलनिवेश पर सर्कुलर अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए गोर्वधन योजना के तहत 500 नए वेस्ट-टू-वेल्थ प्लांट स्थापित किए जाएंगे। कुल मिलाकर, यह बजट आजादी के 100 साल बाद भारत की परिकल्पना का बजट है। इस बजट में किसान, मध्य वर्ग, महिला से लेकर समाज के सभी वर्ग के विकास की रूपरेखा है।

# भाजपा शक्ति केंद्र 5 में संत श्रीरविदास जयंती पर वंशवर्ती समाज के वरिष्ठजनों का किया सम्मान



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी दीनदयाल मंडल के शक्तिकेंद्र 5 में संत रविदास जी की जयंती मनाई गई जिसमे सभी ने संत रविदास जी के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस अवसर पर अशोक वंशवर्ती, प्यारेलाल वंशवर्ती सहित वंशवर्ती समाज के वरिष्ठजनो का पुष्पामाला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष मनीष असाटी जी ने बताया संत रविदास जी के बताये हुये मार्ग पर चले मनुष्य जन्म से नही कर्म से बडा बनता है ऐसा ही हम सभी को अपने जीवन मे उनके बताये मार्ग का अनुसरण करेगे। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष भाजपा शक्तिकेंद्र प्रभारी मनीष असाटी, वरिष्ठ नेता, श्याम बिहारी जडिया, सहप्रभारी प्रभा नामदेव, श्रीमति डोलीजैन, पन्नालाल लखेरा, वार्ड अध्यक्ष महेन्द्र सोनी, वार्ड अध्यक्ष बाबी भाई, वार्ड अध्यक्ष अतुल असाटी, बूथ अध्यक्ष अनूप सोनी, गौरव सोनी, वार्ड बीएलए,अभय विश्वकर्मा सोनू, मुन्ना सोनी, गुडडू नामदेव आदि सभी पदाधिकारियो कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रही।

# संत शिरोमणि रविदास जी जयंती पर कैबिनेट मंत्री राहुल सिंह शहर एवं ग्रामीण कार्यक्रमों में हुए शामिल

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी की जयंती के उपलक्ष्य में कैबिनेट मंत्री राहुल सिंह कि अध्यक्षता में ग्राम पंचायत खजरी में विशाल आम सभा का आयोजन किया गया एवं मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान विकास यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायत खजरी से शुभारंभ किया गया । सभा के उपरांत संत शिरोमणि सतगुरु रविदास जी की जयंती पर समरसता भोज किया गया। यात्रा के शुभारंभ के अवसर पर कपिल धारा कूप, सीसी रोड निर्माण सहित विभिन्न कार्यो का भूमि पूजन भी किया गया । इसके बाद ग्राम पंचायत मुड़िया में विकाश यात्रा के अंतर्गत विकाश कार्यों को लेकर चर्चा की तथा ग्राम पंचायत आम चौपरा सामुदायिक भवन में 108 संत श्री सतपाल जी महाराज के मुखारविंद से गुरुवाणी को सुना एवं पिपरिया दिगंबर, हथना में संत शिरोमणि रविदास जी की शोभायात्रा में शामिल हुए। ग्राम पंचायत बलारपुर में रविदास जयंती पर ग्राम धमारा में श्रीमद् भागवत कथा आयोजन में



सम्मिलित हुए तो वही शहर के अंबेडकर चौराहा स्थित संत रविदास जी जयंती समारोह में शामिल हुए। इस दौरान राहुल सिंह के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह, महामंत्री गोपाल पटैल, सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजू ठाकुर,भाजपा मंडल अध्यक्ष, जनपद सदस्य , कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य , सीईओ अजय श्रीवास्तव, जनपद पंचायत सीईओ सहित अधिकारियो, वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओ कि उपस्थिति रही

# वृद्धों के बीच पहुंचकर मनाया जन्मदिवस



**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** शहर के वरिष्ठ व्यवसायी राजा राय का जन्मदिन सृजन असाटी मित्र मंडली द्वारा वृद्ध आश्रम में मनाया गया। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम में रहने वाले सभी वृद्धजनों को उपहार भेंट किए गए। राजा राय ने कहा कि प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी सभी मित्रों द्वारा जन्मदिन मनाने की परंपरा को निभाते हुए वृद्धजनों का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सभी साथियों से मिले स्नेह के लिए उनका हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट करता हूं। सृजन असाटी ने कहा कि हम सभी के मार्गदर्शक बड़े भाई राजा राय को जन्मदिवस पर अनंत अशेष शुभकामनाएं बधाई प्रेषित करता हूं एवं ईश्वर से कामना करता हूँ आप स्वस्थ एवं निरोगी रहे। मित्र मण्डली के युवा निरंतर 8 वर्षो से बड़े भाई राजा राय का जन्म दिवस वृद्ध आश्रम में मनाते आ रहे हैं और आगे भी हर साल वृद्धों के बीच पहुंचकर अपना जन्म दिवस मनाते रहेंगे।इस अवसर पर सृजन असाटी, पवन तिवारी, पंकज जड़िया, हरि रजक, दीपक परिहार, कृष्णा पटेल, चिराग जुनेजा, अभिषेक राय, टाइगर श्रीवास्तव, संजू कहार, अर्पित दुबे, विष्णु रजक, अनूप शर्मा एवं सभी मित्रों और वरिष्ठ जनों की उपस्थिति रही एवं सभी ने उनके उज्जवल भविष्य कामना की।

# अड़ानी समूह की अविलंब जांच करवाये मोदी सरकारःअजय टंडन

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** जिले के समस्त ब्लाकों उपब्लाकों मोर्चा सगंठनों विभागों प्रकोष्ठों मंडलम सेंक्टर अध्यक्षों की उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में किल्लाई नाका स्थित स्टेट बैक के सामने विशाल धरना प्रर्दशन आयोजित किया गया। धरना को संबोधित करते हुए विधायक अजय टंडन ने कहा कि मोदी सरकार चंद अरबपतियों की सरकार बनकर रही गयी है उनके मित्र गौतम अडानी समूह पर भारतीय बैकों का लगभग 80000 करोड़ बकाया है किन्तु देश की सीबीआईआईबी अन्य संस्थाये मौन बनी है जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतन चंद जैन ने कहा कि करीबी दोस्तों चुनिंदा अरबपतियों को फायदा पहुंचानें की मोदी सरकार की नीतियों से पूरा देश खासकर मध्यम वर्ग बेहद चिंतित है। मोदी सरकार ने जबरदस्ती एल.आई.सी., एस.बी.आई. और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों के बैको में अडानी समूह द्वारा निवेश करवाया गया है।इस दौरान मनु मिश्रा, प्रताप सिंह, सतीश जैन, भगवान दास चौधरी, मनीषा दुबे, तान्या सोलमन, रजनी ठाकुर, निधि श्रीवास्तव, कमला निषाद, अमिता सिंह, लालचंद राय, प्रशांत शर्मा, सोनू जैन, परम यादव, कमलेश उपाध्याय, ललित नायक, प्रदीप प्रफुल्ल श्रीवास्तव, विजय कर्माकर, पवन यादव, दिनेश रैकवार, अरविंद अवस्थी, अमित नामदेव, पवन गुप्ता, आशुतोष शर्मा, अरूण



पटेल, राजू गुप्ता, छोटू बिदौल्या, शमीम कुरैशी, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, कोमल अहिरवाल, बाबूलाल पटैल, आशीष पटेल, मिश्रा, नौशाद खान, केके अग्रवाल ने भी कहा कि हम सब की मांग है कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश या एक सयुक्त संसदीय समिति जेपीसी के तहत एक निष्पक्ष जांच हिडनवर्ग रिसर्च रिपोर्ट में विस्तार से जांच कराई जाएं। आम जनता प्रमुखता से एलआईसी एसबीआई एवं अन्य राष्ट्रीयकृत बैंको में निवेश करती है किंतु मोदी सरकार द्वारा जो अडानी समूह द्वारा जबरन निवेश करवाकर खिलवाड़ की गई है उसकी संसदम में चर्चा की जानी चाहिए। नगर के पार्षद अफजल खान, रफीक खान, दाउद सौदागर, अमर सिंह, हेमराज, जीशान पठान, वीरेन्द्र चौबे, वसंत कुशवाहा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि सरकार जब किसी व्यक्ति को 2-5 लाख का ऋष्ण देती है तब सारे दस्तावेज का निरीक्षण करती है किंतु मोदी ने तो अरबो रूपये दिये जब बैंको को घाटा होगा। एलआईसी को नुकसार होगा तो क्या आम लोग फायदे में रहेंगें। धरना में तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के रद्युनाथ यादव, द्वारका सिंह जबेरा से नीरज जयसवाल, चंद्रभान सिंह, संतोष रजक, राव लाखन सिंह पटेरा से हेमंत पटेल, भीम नामदेव, संजय तिवारी, अखलेश तिवारी पथरिया प्रदीप पटेल, संजय सोनी, पिंकी दुबे, संदीप बरदिया, खिल्लू ठाकुर, अब्दुल चिश्ती सहित अनेक कांग्रेस जनों की उपस्थिति रहीं।

# सरस्वती शिशु मंदिर उरमाल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम संपन्न



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

मां खंबेश्वरी बाल संस्कार समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय उरमाल में वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया । विशेष अतिथि श्री गोवर्धन सिंह मांझी जी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ । सर्वप्रथम मां खबेश्वरी बालसंस्कार समिति के अध्यक्ष, व्यवस्थापक उपाध्यक्ष तथा सभी सदस्य एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों का प्रधानाचार्य श्री रमाकांत बेहेरा जी ने परिचय एवं स्वागत कराया। स्वागत पश्चात प्रधानाचार्य जी के द्वारा विद्यालय प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया ।उद्बोधन में श्री प्रेमावतार खरे जी ने सभा को संबोधित किया। विशेष अतिथि श्रीमान मांझी ने उपस्थित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य एक श्रेष्ठ नागरिक बनना है जो समाज को संस्कारित करें और देश हित में काम करें और यही संस्कार और शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर में दी जाती है और कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी भैया बहनों को प्रोत्साहित कर हमेशा आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया। उद्बोधन पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें भैया बहनों ने लोक नृत्य और शिक्षाप्रद नाटकों से उपस्थित सभी लोगों आकर्षित कर मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्री प्रीमावतार खरे अध्यक्ष श्री जसवंत गोयल व्यवस्थापक श्री राजकुमार अग्रवाल उपाध्यक्ष श्री अनिल अग्रवाल कोषाध्यक्ष श्री मोहन गोयल संस्थापक सदस्य श्री पवन जैन जी पूर्व सदस्य श्री राजेश जी अग्रवाल श्री तस्वीर पात्र श्री ओम प्रकाश जोशी जी उपसरपंच श्रीमती इंदिरा बाई नेताम जनपद सदस्य श्री तिरन सिंह नागेश जी श्री पुनीत राम नागेश वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक श्री भानु प्रताप सिंह राठौर श्री दुर्योधन सिंह मांझी नोडल प्राचार्य जी श्री डिगेश देवांगन श्री परसराम कौशिक श्री शांतिलाल मालू जी श्री ललित कौशिक श्री आनंद साहू श्रीमती सुभद्रा यादव श्रीमती रामकन्या जोशी एवं पालक गण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री मनोज रघुवंशी (प्रधानाचार्य )देवभोग एवं किशन राम साहू जी (शिक्षक) ने किया। अंत में प्रधानाचार्य श्री रमाकांत बेहेरा जी के द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सभी सदस्य तथा आचार्य श्री भीषम राम खरे , मुकेश बघेल ,दिलीप हरपाल, भाग्य मंजूरी तिवारी एनिता कश्यप टेकराम नागेश भीमाधर नागेश देशबंधु नायक बाल गोविंद नागेश संगीता कश्यप चैन सिंह बघेल एवं महेश्वर यादव सभी भैया बहनों एवं अभिभावकों का विशेष सहयोग रहा।



# सरस्वती शिशु मंदिर ने मनाया वार्षिकोत्सव समारोह में छात्र-छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुति





**पुस्पंजलि टुडे से विजय सिंह परिहार की रिपोर्ट**

**शिवपुरी/करैरा** विधानसभा क्षेत्र के सरस्वती शिशु मंदिर सिरसौद में रंगारंग कार्यक्रम के साथ वार्षिकोत्सव सम्पन्न हुआ ! कार्यक्रम नन्हे मुन्हे छात्र छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुति कर सभी का मनमोह लिया द्यकार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त एवं पूर्व विधायक रमेश खटीक ,कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम भारती जिला शिवपुरी के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार शर्मा ने की कार्यक्रम के मुख्यवक्ता ग्राम भारती जिला सचिव भवानी शंकर चौरासिया रहे ,विशिष्ट अतिथि ग्राम भारती के जिला प्रमुख मुकेश दांगी एवं सरपंच अंतर सिंह लोधी रहे ! अन्य मंच पर भा जा पा के मंडल अध्यक्ष हुकुम सिंह राजपूत, भूमि दानदाता सद्दू लाल सेठ , राधेलाल लोधी ,मुन्ना लाल साहू मंचासीन रहे,अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया , विद्यालय के भैया बहिनो द्वारा ,देशभक्ति ,सामाजिक समरसता ,नशा मुक्ति संस्कार ,पर्यावरण बचाओ जैसे समाज प्रबोधन के अनेक मनमोहक प्रस्तुतिया प्रस्तुत की , जिन्होंने दर्शकदीर्घा में उपस्थित सभी का मनमोह लिया उपस्तिथ अतिथियों में से मुख्यवक्ता भवानी शंकर चौरासिया ने विद्याभारती सरस्वती शिशु मंदिर की योजना के कार्य को बताया कहां कि सरस्वती शिशु मन्दिर के बालक जग सिर मौर बनायें भारत के लिए कार्य कर रहे हैं, अध्यक्षीय उद्बोधन में वीरेन्द्र कुमार शर्मा ने कहा कि आज विद्याभारती सरस्वती शिशु मन्दिर विश्व का शिक्षा के क्षेत्र में सबसे ब?ा संगठन हैं जिसके 25000 विद्यालयो में 35 लाख भैया बहिन प?ते हैं , अतिथियों द्वारा भैया बहिनो के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आचार्य परिवार की प्रशंसा की ,कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि तथा ग्राम सरपंच अंतर सिंह लोधी द्वारा अपनी ओर से सभी भैया बहिनो को पुरस्कार वितरित किये एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की ,कार्यक्रम में पहुँचे ,अतिथि ,अभिभावक ,सहित ग्रामीण जनो कार्यक्रम की मुक्त कंठ से सराहना की ,अंत मे आभार विद्यालय प्रधानाचार्य हरिचन्द्र द्वारा किया !

# मोना शुक्ला वरिष्ठ व्याख्याता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को राज्य स्तर पर चित्तौड़गढ़ जिले में सम्मानित किया



पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उत्कृष्ट शिक्षक सेवा सम्मान हेतु राजस्थान के झालावाड़ जिले से सर्वजना न्याय मंच की राष्ट्रीय महासचिव शिक्षा मंच एंव राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज की राष्ट्रीय सचिव श्रीमती मोना शुक्ला वरिष्ठ व्याख्याता जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को राज्य स्तर पर चित्तौड़गढ़ जिले में सम्मानित किया गया झालावाड़ जिले में संस्कृति ज्ञान परीक्षा एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों में उत्कृष्ट सेवा देने हेतु इन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में, मोना शुक्ला को सम्मान प्राप्त होने पर सर्वजन न्याय मंच एंव राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष चयन समिति शरद द्विवेदी, एकता शर्मा, किरन चौबे, मंजुला शुक्ला सहित सभी पदाधिकारीयों ने शुभकामनाएं दी !

# आमने-सामने दो मोटरसाइकिल की भिड़ंत 7 लोग गंभीर रूप से घायल











**पुष्पांजलि टुडे से विजय सिंह परिहार कि रिपोर्ट**

आज पिछोर से दिनारा वाले रोड पर करारखेड़ा और नांद के बीच मीराबाई विश्वविद्यालय कॉलेज के पास बेहद एक्सीडेंट मोटरसाइकिल आपस में भिड़ंत हुई जिसमें दोनों मोटरसाइकिल के 7 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं जिसमे एक छ महा की बच्ची की हालत गंभीर रूप से बताई जा रही है दोनों मोटरसाइकल साबर अलग अलग गांव से हे एक टीला करेरा से जो लोधी समाज से और दूसरा नाद पिछोर से थे घटना के समय निकल रहे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के प्रखंड संयोजक कप्तान सिंह परिहार बुढ़ानपुर जनपद सदस्य विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक सहदेव लोधी छिरबाहा एवं जनपद सदस्य और अमित पड़ेरिया जिला। उपाध्यक्ष ने देखकर उनको उठाकर एक तरफ लिटाया और उनकी मदद की उसी के पश्चात तुरंत डायल 100 एवं 108 को तुरंत सूचना दी पर 1घंटे बादपुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा एंबुलेंस दुबारा पिछोर अस्पताल भेजा गया उसके बाद उन्हें तुरंत पिछोर डॉक्टर साहब ने 6 लोगों जिला चिकित्सालय शिवपुरी रेफर किया जिसमे एक आदिवासी पुरुष 30साल और उसकी लडकी 13 साल की है और साथ में एक लोधी समाज जो ग्राम पंचायत नाद पिछोर के निवासी है और दुसरी गाड़ी पर जो सवार थे उनमें से एक गाड़ी चालक का हाथ टूट गया है और सिर में चोट एक लडकी जो 14 साल की है उसका पैर टूटा है और 6महा की नवजात बच्ची की हालत अति गंभीर बताई जा रही है ए टीला करेरा के निवासी थे ए अपने रिश्तेदार के एह साधी समारोह में पिछोर की ओर जा रहे थे इसी बीच दोनो मोटर साइकिल आपस में भिडी

# स्पेशल टीम ने धरदबोचा गांजा तस्वीरों को

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

थाना छुरा का है जहां दिनांक 03.02.2023 को जरिये मुखवीर के मोबाईल से सूचना प्राप्त हुआ कि तीन व्यक्ति एक सिल्वर रंग अल्टो कार क्रमांक सीजी 23 एल 7320 में अवैध रूप से भारी मात्रा में गांजा भरकर उड़ीसा राज्य की तरफ से छुरा आ रहे है। उक्त सूचना को तत्काल पुलिस कप्तान अमित तुकाराम काम्बले को अवगत कराकर उनके दिशानिर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रेश सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी पुष्पेन्द्र नायक के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी छुरा पुलिस स्टाफ एवं गरियाबंद की स्पेशल टीम के द्वारा ग्राम कोसमबुड़ा के आगे पुलिया के पास घेरबंदी कर नाकेबंदी किया गया कुछ समय पश्चात मुखबीर के बताये अनुसार एक सिल्वर रंग का अल्टो कार आया। जो सामने पुलिस पार्टी को देखकर वाहन को रोड से नीचे उतारकर भागने का प्रयास कर रहे थे जिन्हे पुलिस टीम द्वारा दौड़ा रोककर पुछताछ करने पर कार चालक द्वारा अपना नाम शाहरूक अली, चालक के बाजु सीट पर बैठे व्यक्ति द्वारा अपना नाम




साजिद खान तथा पीछे सीट पर बैठे व्यक्ति ने अपना नाम अमीन अली सभी निवासी ग्राम कोसमखुंटा थाना फिगेश्वर जिला गरियाबंद के रहने वाले बताये। जिन्हें मुखविर सूचना से अवगत कराकर विधिवत आरोपियों एवं कार की तलाशी लिया गया। तलाशी दौरान कार की डिग्गी में एक कत्था रंग के बैग में खाखी टेप से लिपटा पैकेट मिला। जिसे खोलकर देखने पर उसके अंदर मादक पदार्थ गांजा भरा मिला। मौके पर आरोपियों के कब्जे से कुल 7.500 किलो ग्राम कीमती 75,000 / रूपये तथा एक नग अल्टो कार कीमती 5,00,000 रूपये जुमला कीमती 5,75,000/ रूपये को जप्त कर आरोपीगण के विरूध्द धारा 20 (ख) (द्ब) नारकोटिक एक्ट कायम कर आरोपीगणो को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक भूषण चंद्राकर के नेतृत्व में सउनि मोहन सिंह मरकाम, प्रधान आरक्षक विजय मिश्रा, बोसेन्द्र सिन्द्राम आरक्षक जगमोहन कश्यप, ललित नेताम, अरूण कोमर्रा एवं स्पेशल टीम के प्रधान आरक्षक अंगद राव, जयप्रकाश मिश्रा, चुडामणी देवता, यादराम ध्रुव रवि सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही।नाम आरोपीगण ङ्क सजिद खान पिता शाह मोहम्मद उम्र 25 वर्ष, अमीन अली पिता गरीब अली उम्र 40 वर्षशाहरूक पिता लतीफ अली उम्र 23 वर्ष, साकिनान ग्राम कोसमखुटा थाना फिंगेश्वर जिला गरियाबंद (छ0ग0 )

## पारागांवडीह के मां बिंजीपिडीन न्यू क्रिकेट स्टेडियम आठ दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन पहुंचे आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जनक ध्रुव

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद** हर वर्ष की भाती इस वर्ष भी ग्राम पंचायत घटौद के आश्रित ग्राम पारागांवडीह के मां बिन्जीपिडिन न्यू क्रिकेट स्टेडियम मे 8 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवे दिन इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथी जनक ध्रुव जी आदिवासी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एव पूर्व मे बिद्रानवागढ विधान सभा विधायक प्रत्यासी पहुँचकर कार्यक्रम को संबोधित किया हरदीबाय और मैनपुर के मध्य मैच खेला गया जिसमे मैनपुर ने विजयी रही और मुख्य अतिथी के हाथो विजेता टीम के खिलाडीयो को मैन ऑफ मैच का पुरस्कार दिया गया विशिष्ट अतिथी युवा कांग्रेस बिद्रानवागढ विधान सभा महासचिव यशवंत कुमार यादव युवा कांग्रेस ग्राम अध्यक्ष +पंच मोहदा नुतन मरकाम हाई स्कूल समिति अध्यक्ष धवलपुर बजरंग



यादव बबलू मरकाम जिसमे आयोजक समिति अध्यक्ष दीनू यादव उपाध्यक्ष शिव लाल यादव सचिव डिलेश यादव संरक्षक परशुराम यादव भुवनेश्वर यादव खुरसू यादव डायमन यादव ग्राम के पुजारी मोहन यादव सदस्य हेमन्त यादव कुलेश्ववर यादव गोविंद यादव भुवन यादव मुकेश यादव धनंजय कोमर्रा प्रदीप यादव डिगेश्वर यादव ग्राम के वरिष्ट प्रमुख बहादुर सिंह यादव मुरलीधर यादव कन्हैयालाल यादव परशुराम यादव मानसिह यादव खेम सिह यादव मोहन यादव भुवनेश्वर यादव एव बडी संख्या मे ग्राम के महिलाओ पुरुषो प्रमुख वरिष्ठ उपस्थित थे मुख्य अतिथी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए का की खेल से शारीरिक के साथ मानसिक विकास होता है हमारी कांग्रेस की सरकार ने पुराने खेल को संजोने की काम कर रही है राजीव गांधी युवा मितान क्लब का गठन कर हमारे पारंपरिक खेले जो विलुप्त हो रही थी उसको संगठित करने का प्रयास कर रही है जिससे सभी ग्राम पंचायतो मे छत्तीसगढसगढीया ओलंपिक का आयोजन करवा रही है जिसमे ग्राम के बच्चे युवा महिला पुरुषो ने भाग लेकर अपनी प्रतीभा को निखार रही है खिलाडीयो को सामने आने का मौका दे रही है हमारी सरकार गांव गरिब किसान मजदूर की सरकार है जिन्होने सभी किसानो का दो लाख तक कर्जा माफ किया और 2500 मे धान ले रही है पांचवे दिन मे पहुचे मुख्य अतिथी जनक ध्रुव जी का आयोजक समिति ग्राम प्रमुखो के द्वारा भव्य स्वागत किया गया एव बड़ी संख्या मे उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाए

## आदिवासी राजगोड समाज के केन्द्राध्यक्ष पद पर क्षेत्रीय विधायक डमरूधर पुजारी चुने गए

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गोहरापदर ।** आदिवासी राजगोंड समाज केंद्र सभा झरगांव के अध्यक्ष पद का निर्वाचन केंद्र सभा मुख्यालय झरगांव में संपन्न हुआ जिसमें विन्द्रानवागड़ विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डमरूधर पुजारी को पुनः केंद्राध्यक्ष चुना गया डमरूधर पुजारी पूर्व में 11 वर्ष तक केंद्र सभा अध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं जिसके चलते समाज के पदाधिकारियों ने विश्वास जताते हुए पुनः जब डमरूधर पुजारी को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी,निर्वाचन पश्चात श्री पुजारी जी ने कहा कि समाज ने जिस विश्वास के साथ मुझे पुनः दुबारा जिम्मेदारी सौंपी है मै निष्ठा पुर्वक समाज के हित में कार्य करुंगा,समाज के लिए सदैव समर्पित रहुंगा।निर्वाचन पश्चात भाजपा मंडल मुख्यालय गोहरापदर पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत करते हुए फुलमाला से लाद दिया और मिठाई खिलाकर बधाई दी,जिसमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,उपाध्यक्ष ललिता सोमवंशी,महामंत्री तानसिंह मांझी,कोषाध्यक्ष सोभित ध्रुवा,अजजा मोर्चा अध्यक्ष जितेन्द्र मांझी,उपाध्यक्ष प्रेमसिंह मांझी,जिला कार्यसमिति सदस्य महेंद्र सोमवंशी,हेमराज मांझी,उजलराम मांझी, हरिशकुमार मरकाम,अरविंद सोम,होलीराम नागेश,नेहरु पोर्ते,मदनराम मांझी,भीखराम यादव सहित कार्यकर्ता गण ने बधाई शुभकामनाएं दी



## बहुजन समाज पार्टी मनायेगी माता रमाबाई अंबेडकर जयंती

**अरुण कुशवाह कोलारस रिपोर्टर पुष्पांजलि टुडे**

बहुजन समाज पार्टी के जिला प्रभारी सुआलाल जाटव द्वारा बताया गया किआने बाली 7 फरवरी मंगलवार को 11:00वजे साक्षी गार्डन एबी रोड बदरवास मैं बहुजन समाज पार्टी द्वारा माता रमाबाई अंबेडकर जयंती का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष माननीय इंजीनियर रमाकांत पिप्पल जी होंगे जिसकी तैयारी गांव गांव जाकर संपूर्ण बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारी कर रहे हैं अतः सभी साथियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भारतीय संविधान निर्माता परम पूज्य बाबा साहब अंबेडकर की धर्मपत्नी माता रमाबाई अंबेडकर की जयंती को सफल बनाने हेतु साक्षी गार्डन बदरवास पहुंचे निवेदक बहुजन समाज पार्टी विधानसभा इकाई कोलारस।

## जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा निशुल्क विशाल वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी- आज जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा निशुल्क विशाल वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन शहर की जैनम मेडिको महल कॉलोनी पर किया गया जिसमें 100 से अधिक बूस्टर डोज लगाए गए मुख्य अतिथि के रुप में नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उद्घाटन किया गया और राष्ट्पति पुरस्कार से सम्मानित अलका श्रीवास्तव द्वारा किया गया अध्यक्ष प्रियंका शिवहरे ने बताया की इस कैंप के आयोजित करने का मकसद ज्यादा से ज्यादा स्थानीय लोगों का टीकाकरण कर इस कोरोना से बचाना है। संस्था की ओर से आने वाले




समय में टीकाकरण कैंप का आयोजित किया जाएगा। नपा अध्यक्ष गायत्री शर्मा ने कहा जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा सामाजिक कार्यों में अग्रसर है हर कार्य में जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा द्वारा बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जाता है उन्होने कहा शहर को ऊंचाइयों पर पहुंचाने के लिए ऐसे ही संस्था आगे कार्य करती रहे जिसमे अध्यक्ष जेसी प्रियंका शिवहरे, सचिव जेसी आरती जैन , कोषाध्यक्ष जेसी रुचि मंगल, जेसी नीता श्रीवास्तव, जेसी प्रियंका सोनी, जेसी अंशु अग्रवाल, जेसी माधवी सोनी, जेसी निशा गोयल, बबीता अग्रवाल ,जेसी बबीता बिंदल , जेसी अंजना अग्रवाल एवं जेसीआई की सभी महिलाएं उपस्थित रही अंत में सचिव जेसी आरती जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया

## दो पक्षों की विवादित जमीन को लेकर दूसरे पक्ष ने 5 बीघा वोई हुई सरसों की खेती को ट्रैक्टर द्वारा किया तहस-नहस

### घर के परिजन की कर दी बुरी तरह मारपीट व झोपड़ी में लगाई आग

**संवाददाता हरिओम परिहार की रिपोर्ट**



खनियाधाना तहसील अनुविभागीय अंतर्गत ग्राम छिराई मजरा टपरियन से एक विवादित जमीन को लेकर दूसरे पक्ष ने दिनदहाड़े 5 बीघा सरसों बोई हुई फसल को बर्बाद कर दिया गया है दूसरे पक्ष ने बोई हुई सरसों की खेती को ट्रैक्टर द्वारा तहस-नहस कर दिया गया है बोई फसल मुखिया ने आरोप लगाया है कि कई वर्षों से इस जमीन पर हम खेती कर रहे थे मगर राजकुमार , हिलु, सुनील ,मनीष, बृजभान सिंह , और कीटू और ने फर्जी जमीन अपने नाम करवा ली है और मैं कई वर्षों से इस जमीन पर खेती कर रहा हूं लेकिन कुछ दबंग लोगों द्वारा फर्जी बड़ा किया गया है और मेरी जमीन को हड़पना चाहते हैं सरसों की खेती करने वाले मुखिया बीरभान ने कहा कि मेरे परिजनों को बुरी तरह से पीटा और मेरी बूढ़ी मां कली बाई के लिए राजकुमार हिलू सुनील भवानी सिंह मनीष व कीटू ने घसीटा और बुरी तरीके से मारपीट भी की है ऐसा आरोप लगाया गया है जानकारी के अनुसार सोसाइटी की यह जमी भन है लेकिन जमीन के विवाद को लेकर खड़ी फसल नष्ट की राजकुमार एवं अन्य लोग जमीन पर हैं परंतु कब्जा बीरभान कई वर्षों से खेत मे फसल उगा रहे हैं

## कांग्रेस की सरकार बनने के बाद वंचित किसानों का करेंगे सबसे पहले कर्जा माफ -जयवर्धन

### कांग्रेश के प्रोग्राम में नहीं देखें पूर्व जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश शर्मा

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** शिवपुरी मैं हुए आज पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह ने शिवपुरी मैं स्थित पीएस रेसिडेंसी पर कार्यकर्ता सम्मेलन का एक प्रोग्राम आयोजित हुआ इस प्रोग्राम मैं जिले के सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष और पदाधिकारी सम्मिलित हुए



जयवर्धन सिंह ने बताया की आज भी ग्वालियर चंबल संभाग मेंकांग्रेस मजबूत स्थिति में है जहां भाजपा के लोग कांग्रेस को कमजोर समझ रहे हैं उन्हें हम बता दें कि जहां ग्वालियर मैं जहां50 साल बाद कांग्रेस ने अपना महापौर बना दीया औरमुरैना मैं पहली बार बना कांग्रेस महापौर बना दिया और दोनों जिलों में कांग्रेस की स्थितियों को मजबूत कर दिया हमारे कांग्रेश का हर कार्यक्रता पुरी मेहनत करके अपनी पार्टी को मजबूत बना रहा हैं मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के राज में आज ऐसे ही स्थिति हो गई है कीपूरे मध्यप्रदेश सरकार में भाजपा के पदाधिकारी और उनसे दवे अधिकारी बिना पैसे के कोई काम नही होता और पूरे प्रदेश में भ्रष्टाचार इतने जोरों पर बढ़ा दिया है कि प्रदेश भ्रष्टाचार में नंबर वन होने वाला है

**भाजपा के लोगो में आ गया अहंकार**-ूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह ने बताया कि भाजपा की सरकार को 20 साल हो गए हैं जिससे भाजपा की सरकार में बैठे मंत्रियों और विधायकों को इतना अहंकार हो गया है कि वह सीधे मुंह किसी से बात तक नहीं करते और बोलते हैं की हम
पैसे के बल पर कुछ भी कर सकते हे कोई भी काम बता दो

**1 घंटे में गई दो बार लाइट**-आज हुए प्रोग्राम में होटल पीएस में जब से राजवर्धन आए तब से दो बार लाइट कट चुकी थी जिस पर उन्होंने बताया कि पिछले 1 घंटे में 2 बार लाइट गोल हो गई आज भी यह लोग प्रदेश को 20 साल पीछे धकेल रहे हैंआने वाली 2023 के चुनावों में कांग्रेसी को प्रदेश में लाना है हॉर्स कमल नाथ को मुख्यमंत्री बनाना है कमलनाथ ऐसे नेता हैं जिन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंद्रा गांधी तथा राजीव गांधी के साथ काम किया है9 महीने बाद मौके मिला तो वंचित किसानों का करेगे कर्ज माफ और सबसे पहले उस पर हस्ताक्षर करेंगे राजवर्धन सिंह ने बताया कि भाजपा सरकार से कोई भी अधिकारी कर्मचारी खुश नहीं है और हर विभाग के कर्मचारी कहीं ना कहीं आंदोलन कर रहे हैं उन्होंने बताया कि जैसे हमारी सरकार वाले राज्य राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हमने पुरानी पेंशन बहाल की है उसी प्रकार अगर मध्य प्रदेश में सरकार बनती है तो यहां भी पुरानी पेंशन बहाल करेंगे राजवर्धन सिंह के प्रोग्राम में आज शिवपुरी के सभी प्रत्याशियों ने अपना अपना दल बल दिखाया और आने वाली 10 तारीख को जब कमलनाथ सिंह बारां में अपना चुनावी बिगुल बजाएंगे तब पूरे प्रत्याशी जोर शोर से दम लगा कर लोगों को इकट्ठा करें और कांग्रेसमें जोड़ने की अपील करें

## नगर परिषद रन्नौद में चल रहा क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फायलन में वार्ड क्रमांक 12 विजेता रही





**संवाददाता प्रदीप जैन रन्नौद**

फाइनल मैच में वार्ड क्रमांक 12 और वार्ड क्रमांक 05 के बीच मुक़ाबला किया गया जिसमे वार्ड क्रमांक 12 विनर रही ।जिसमे अमित कुशवाह का सर्वोत्तम स्कोर 66 रन रहा हैअमित कुशवाह और दीपक लोधी (मामा)के बीच बेहतरीन पाटनर शिप रही जिसमे 99रन दोनो बल्लेबाजों ने जोड़े और वार्ड क्रमांक 06 से पार्षद नरेंद्र सिंह सिकरवार के द्वारा अमित कुशवाह को मैन ऑफ दा सीरीज दी गई क्रिकेट टूर्नामेंट के अधक्षय सोनू कुशवाह उपाध्यक्ष दीपक लोधी (मामा)कोषाध्यक्ष ऋषि केवट और देव मांझी अमित कुशवाह राजा जैन धम्मू केवटआदि लोगो की मैन भूमिका रही आज समापन के दौरान नगर परिषद रन्नौद के वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद नरेंद्र सिंह सिकरवार वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद राजेश केवट वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद राजकुमार रजक वार्ड क्रमांक 12 के नारायण सिंह कुशवाह आदि लोग मौजूद रहे

## पिछोर विधानसभा क्षेत्र में दूसरे दिन बमना, नाद, कछौआ, विलरई एवं देवगण से होकर निकली विकास यात्रा

**अनिल कुशवाह प्रभारी पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी-** पिछोर विधानसभा क्षेत्र में विकास यात्रा दूसरे दिन बमना, नाद, कछौआ, विलरई एवं देवगण से होकर निकली। देवगण में यात्रा समापन किया गया। इस दौरान प्रिंसी जाटव, दिव्यांशी लोधी को ग्राम कछौआ मे लाड़ली लक्ष्मी के प्रमाण पत्र प्रदाय किये गए। इसी प्रकार ग्राम देवगण मे अन्नया जाटव,रुचि जाटव को लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरित किये गए। आयुष्मान योजना के तहत 4 हितग्राहियों को जिनमे राजकुमारी /मेवा लाल, सुमन/ब्रन्दावन लोधी, माया रजक, पिस्ता रजक को आयुष्मान कार्ड प्रदाय किये गए। ग्राम पंचायत कछौआ मे दोपहर सहभोज का आयोजन किया गया। इसके अलावा एनआरएलएम के स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत गाया गया। इसके अलावा स्थानीय कलाकारो द्वारा स्वागत गीत एवं रंगारंग प्रस्तुतियां दी गयीं। समापन स्थल देवगण मे आदिवासी बस्ती के पास भोज किया गया। विकास यात्रा के दौरान अमित प?रिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत, भैयासाहब लोधी पूर्व विधायक मनिराम लोधी सदस्य जिला पंचायत, मनीष अग्रवाल जिला मंत्री कौशल किशोर शर्मा जिला महामंत्री, सभी अतिथियो के द्वारा शासन की योजनाओ की जानकारी दी गई। इसके अलावा अधिकारियों द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया गया।



# बिगबॉस 16 से खत्म हुआ सुंबुल तौकीर खान का शानदार सफर

बिगबॉस सीजन 16 में अपनी शानदार जर्नी के बाद शो से एक हफ्ते पहले बाहर निकलने वाली सुंबुल तौकीर खान पर इस एविक्शन का कोई खास फरक नहीं पड़ा, सुंबुल कहती है उनकी जर्नी कमाल रही उन्होंने कभी नहीं सोचा था वो इतना लम्बा सफर तय करेंगी।आपको बता दें, सुंबुल को बिग बॉस की स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट माना जा रहा था।

उनके अचानक शो से बाहर निकलने पर फैंस भी काफी खफा हैं और कई लोग तो इस इविक्शन के बाद बिग बॉस के मेकर्स को ताना दे रहे हैं। शो से बाहर निकलने के बाद सुंबुल ने बताया कि वो ऐसे शो में जाना चाहती थी, पर चार पांच हफ्ते अंदर रहकर अपने परिवार के साथ बर्थडे मानना चाहती थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ मुझे अंदर रहकर ही अपनी जर्नी कायम रखनी पड़ी। सुंबुल अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर कहती है - मैं अपने इविक्शन से काफी खुश हूं। मेरे फैंस ने मुझे बहुत प्यार दिया है और उनकी वजह से ही मैं उस घर में पूरे 18 हफ्ते रह कर आई। मुझे लगता है कि मैं बिलकुल सही वक्त में घर से बाहर निकली हूं। मैं खुश हूं कि मैं शो के इस मोड़ पर आकर इविक्ट हुई हूं। बिगबॉस को चुनंने की बात को लेकर सुंबुल कहती है कि बिगबॉस में जाने का फैसला उनका नहीं उनके पापा का था जिस कारन उनको अपने करियर को छोड़ बिगबॉस में जाने का फैसला किया, पापा ने मुझे बिग बॉस जीतने नहीं बल्कि लाइफ लेसन सीखने के लिए भेजा था जहाँ मैने अपनी जिन्दगी के कई उतार चढ़ाव देखे बिग बॉसश में मेरी जर्नी काफी कठिन रही।

# वरुण धवन के बाद इस धांसू बॉलीवुड एक्टर के साथ काम करेंगे डायरेक्टर एटली

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई कर रही है। किंग खान की कमबैक फिल्म ने कमाई के नए रिकॉर्ड बना दिए हैं और अब फैंस बड़ी बेसब्री से सुपरस्टार की अगली फिल्म जवान का इंतजार कर रहे हैं। पठान के बाद जवान का हर कोई इंतजार कर रहा है लेकिन इसकी वजह सिर्फ किंग खान नहीं है बल्कि इसके पीछे की दूसरी वजह का नाम एटली कुमार है।जी हां, हम बात कर रहे हैं साउथ के मोस्ट फेमस डायरेक्टर एटली कुमार की। तमिल सिनेमा में अपने डायरेक्शन से लोगों का दिल जीतने वाले शाहरुख की फिल्म जवान का निर्देशन कर रहे हैं। इस फिल्म शाहरुख खान के साथ साउथ की पॉपुलर एक्ट्रेस नयनतारा लीड रोल में नजर आएंगी। ऐसे में जवान को लेकर दर्शकों क बीच अलग ही क्रेज देखने को मिल रहा है। मगर इसी बीच खबर है कि जवान की रिलीज से पहले ही एटली ने एक और बॉलीवुड फिल्म को डायरेक्ट करने का मन बना लिया है। एटली इन दिनों अपनी अगली फिल्म की तैयारी में जुट गए हैं। वहीं खबर है कि इस फिल्म लीड एक्टर के लिए बॉलीवुड एक्टर का नाम सामने आ रहा है जिसे सुनकर उनके फैंस काफी खुश हो जाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एटली के निर्देशन में बनने वाली अगली बॉलीवुड फिल्म में अभिनेता वरुण धवन नजर आ सकते हैं। खबर है इस प्रोजेक्ट को लेकर वरुण और एटली के बीच कई बार चर्चा भी हो चुकी है। फिल्म को लेकर दोनों के बीच काफी बातचीत हो गई है हालांकि कागजों पर बात अब तक आगे नहीं बढ़ सकी है। रिपोर्ट्स में दावा है कि एटली और वरुण फिल्म थेरी के रीमेक के लिए साथ आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि पहले एटली अकेले इस फिल्म का निर्माण करने वाले थे मगर हाल ही इस फिल्म से मशहूर प्रोड्यूसर मुराद खेतानी का नाम भी जुड़ गया है।



# अपनी शहजादी के साथ प्यार के इस खूबसूरत से जगह पर पहुंचे कार्तिक आर्यन, फैंस ने कहा-क्या जोड़ी है

बॉलीवुड के उभरते हुए स्टार कहे जाने वाले कार्तिक आर्यन इन दिनों खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। दरअसल कार्तिक बैक टू बैक हिट फिल्में दे रहे हैं। ऐसे में कार्तिक आर्यन की हाल ही में फिल्म शहजादा रिलीज होने वाली हैं। जिसके ट्रेलर को दर्शकों का काफी अच्छा रिस्पांस मिलते हुए देखा गया था। लेकिन इसी बीच अब कार्तिक आर्यन की और वीडियो तेजी से वायरल हो रही हैं। जसमे वो अपनी शहजादी के साथ नजर आ रहे हैं। दरअसल इंटरनेट पर कार्तिक आर्यन एक बार फिर से तहलका मचाना शुरू कर दिए हैं। लेकिन इस बार कार्तिक आर्यन अकेले नहीं बल्कि अपनी शहजादी के साथ नजर आ रहे हैं। एक्टर अपनी शहजादी यानि कृति सेनन के साथ आगरा पहुंचे और वहां प्यारा की निशानी ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान दोनों ने काफी मस्ती की जिसकी कई वीडियोज सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। वहीं कार्तिक ने ताजमहल की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की है। जिसमें वो ताजमहल के सामने खड़े होकर कृति सेनन के साथ पोज दे रहे हैं। इस तस्वीर में दोनों ताजमहल को निहारते हुए नजर आ रहे है। इसके कैप्शन में कार्तिक ने लिखा कि द्द ह्यशहजादा, ताज और मुमताज.ह्ल इसके साथ ही कार्तिक ने एक दिल वाली इमोजी भी बनाई है। तस्वीर में दोनों ट्विनिंग करते हुए दिखाई दिए। कार्तिक ने जहां व्हाइट टीशर्ट पहनी थी, वहीं कृति ने इस दौरान व्हाइट फ्लोरल ड्रेस कैरी की। वही अब कार्तिक आर्यन के इस पोस्ट पर फैंस जमकर प्यार बरसाते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही दोनों ही स्टार्स की बॉन्डिंग देख खूब कमेंट भी कर रहे हैं। इसपर कमेंट करते हुए एक फैन ने लिखा कि ह्यशहजादा अपने होने वाले शहजादी के साथ.वहीं दूसरे ने लिखा कि- ह्यशहजादा और शहजादी तीसरे ने लिखा ह्यप्लीज एक-दूसरे से शादी कर लो.ह्लतो वही एक फैन ने लिखा-वाह क्या जोड़ी हैं। बता दें कि दोनों की ये फिल्म 10 फरवरी को रिलीज होने वाली है।



# क्या जल्द आने वाला है थ्री इडियट्स का सीक्वल? राजू, रैंचो और फरहान को साथ देख फैंस ने पूछे सवाल



सुपरस्टार आमिर खान की फिल्म थ्री इडियट्स तो सभी को याद होगी। इस फिल्म ने ना सिर्फ बॉक्स ऑफिस रिकॉर्ड तोड़े थे बल्कि लोगों का दिल भी जीत लिया था। थ्री इडियट्स में आमिर के साथ एक्टर शरमन जोशी और आर माधवन की तिगड़ी दर्शकों को खूब पसंद आई थी। इस फिल्म में इन तीनों की दोस्ती और इंजीनियरिंग कॉलेज की लाइफ को दिखाया गया था जिसने हर किसी को खुद से जोड़ लिया था। वहीं, अब सालों बाद थ्री इडियट्स की तिगड़ी फिर से एक साथ नजर आई है। जी हां, आमिर खान, शरमन जोशी और आर माधवन का एक वीडियो इंटरनेट पर जमकर वायरल हो रहा है जिसमें तीनों को-स्टार्स एक साथ एक फ्रेम में नजर आ रहे हैं। वीडियो में तीनों एक्टर्स को एक साथ देखकर फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं रहा है। चलिए बताते है कि ये तीनों स्टार्स एक साथ क्या कर रहे हैं।

दरअसल, अभिनेता शरमन जोशी इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ह्यकन्ग्रैचलैशंसह्ल को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। ये एक गुजराती फिल्म है जिसके प्रमोशन के लिए एक्टर काफी यूनिक और स्पेशल तरीका अपनाया है। शरमन ने अपनी आगामी फिल्म को प्रमोट करते हुए एक वीडियो शेयर किया है जिसमें फैंस को एक बार फिर थ्री इडियट्स की तिगड़ी साथ देखने को मिल रही है। इस वीडियो ने सभी का ध्यान अपनी तरफ खींच लिया है क्योंकि वीडियो में काफी टाइम बाद थ्री इडियट्स की तिगड़ी यानि राजू, रैंचो और फरहान साथ दिख रहे हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि वीडियो की शुरूआत में शरमन एक वीडियो शूट करते हुए नजर आ रहे हैं। इसमें वह अपनी फिल्म ह्यकन्ग्रैचलैशंसह्ल के लिए एक वीडियो बना रहे हैं। मगर एक्टर जैसे ही वह शुरूआत करते हैं, तभी वहां पर माधवन वहां आ जाते हैं। माधवन आते ही उन्हें गले लगाकर पूछते हैं कि क्या कर रहा है तू, जिसपर शरमन उन्हें बताते हैं कि वह ह्यकन्ग्रैचलैशंसह्ल का के लिए वीडियो बना रहा हूं। फिर वह कहते हैं अच्छा बना-बना तू, और वह पीछे खड़े हो जाते हैं। शरमन फिर से वीडियो बनाना शुरू करते हैं तभी आमिर खान वहां आ जाते हैं और उन्हें फिर से डिस्टर्ब कर देते हैं। आमिर भी सेम सवाल करते हैं और शरमन उन्हें बताते हैं कि ह्यकन्ग्रैचलैशंसह्ल के लिए वीडियो बना रहे हैं। उनकी फिल्म आज रिलीज हो रही है। फिर आमिर खान भी उनके पीछे खड़े हो जाते हैं।

शरमन फिर से वीडियो बनाते हैं, लेकिन कभी आमिर तो कभी शरमन उन्हें तंग करते हुए नजर आते हैं। लास्ट में आमिर और माधवन से परेशान होकर शरमन अपना कैमरा उठाकर चले जाते हैं। अपने इस फनी वीडियो को शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा, थ्री इडियट्स कन्ग्रैचलैशंस को प्रमोट कर रहे हैं। जोकि आज रिलीज हो रही है।

# केआरके ने फिल्म प्रमोशन के लिए कपिल शर्मा के शो को बताया पनौती!

बॉलीवुड के जाने-माने क्रिटिक कहे जाने वाले केआरके यानी कमाल राशिद खान अक्सर अपने विवादित ट्वीट्स को लेकर चर्चा में बने रहते हैं। बता दे की केआरके बॉलीवुड के एक्टर-एक्ट्रेस से लेकर उनकी फिल्मों तक पर खूब विवादित टिपण्णियां करते हुए देखे जाते हैं। ऐसे में केआरके ने इस बार फिर एक विवादित बयान दे दिया हैं। लेकिन ये बयान किसी फिल्म को लेकर नहीं बल्कि चर्चित रियलिटी शो को लेकर दे दिया हैं। दरअसल केआरके ने इस बार अपने निशाने





पर छोटे परदे का फेमस कॉमेडी शो द कपिल शर्मा शो को ले लिया हैं। जहां शो को केआरके ने पनौती बता दिया हैं। केआरके ने अपने हालिया ट्वीट में लिखा है, शाहरुख खान ने अपनी फिल्म पठान का कपिल शर्मा के शो में प्रमोशन नहीं किया और फिल्म सुपरहिट साबित हुई है। इसी तरह फिल्म द कश्मीर फाइल्स का भी कपिल के शो में प्रमोशन नहीं हुआ और यह फिल्म भी सुपरहिट रही। ऐसे में यह सबूत है कि कपिल शर्मा का शो फिल्मों के लिए एक बहुत बड़ी पनौती है। उम्मीद है कि अन्य लोग भी पनौती शो में अपनी फिल्मों का प्रमोशन नहीं करेंगे। वही अब केआरके की इस ट्ववीट पर फैंस जमकर रिएक्ट करते हुए नजर आ रहे हैं। साथ ही इसकी ढेरो आलोचना करते हुए भी दिखाई दे रहे है। जहां केआरके के इस ट्वीट पर फैंस खूब कमेंट करते हुए भी दिखाई दे रे है। जहां एक फैन ने कमेंट करते हुए लिखा है की केआरके ने देशद्रोही का प्रमोशन भी इस शो में नहीं किया था और यह फिल्म सुपरहिट रही है। थिएटर वाले आज तक पैसे काउंट कर रहे हैं। इसलिए यह सबूत है कि कपिल शर्मा का शो फिल्मों के लिए गुडलक है। उम्मीद है कि बाकी सब भी गुडलक शो में अपनी फिल्में प्रमोट करेंगे। एक अन्य यूजर ने लिखा, इस शो में आरआरआर को भी प्रमोट किया गया था। आप इस बारे में क्या सोचते हैं? एक अन्य यूजर ने लिखा, लेकिन, दृश्यम 2 तो ब्लॉकबस्टर रही। वही ये कोई नयी बात नहीं है जब केआरके अपने ट्वीट पर इस तरह से ट्रोल हो रहे हैं। बल्कि केआरके के ट्वीट करते के साथ ही यूजर्स उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाना शुरू कर देते हैं।

# महाकाल के दर्शन करने पहुँची भूमि पेडनेकर, सोशल मीडिया पर छाई तस्वीरें

बी टाउन की चमकता सितारा भूमि पेडनेकर बॉलीवुड को वो हस्ती बन चुंकी हैं जिसको किसी पहचान की जरूरत नहीं, भूमि सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं वह आए दिन अपनी जिन्दगी से जुडी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर साँझा करती रहती हैं। उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर काफी सुर्खिया और साथ ही फैंस की काफी तारीफे बटोरती दिखती हैं।

ऐसे में फिर एक बार सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की कुछ फोटोज वायरल हुई हैं जिसमे भूमि काफी साधारण और प्यारी





नजर आयी। बता दे कि, एक्ट्रेस बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुँची हैं। दरअसल, शनिवार को भूमि बाबा महाकाल के दर्शन करने उज्जैन में नजर आयी हैं। बाबा के दर्शन करने भूमि के साथ उनकी बहन समीक्षा पेडनेकर भी स्पॉट की गयी। जहाँ एक और भूमि महाकाल के दर्शन करने उज्जैन पहुंची वही उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित भगवान गणेश के भी दर्शन किए। इसके बाद भूमि ने नंदी हॉल से भगवान महाकाल के दर्शन भी किए। बता दे कि मंदिर में प्रवेश के दौरान भूमि रेड कलर का सूट पहने नजर आई। तो वहीं उनकी बहन समीक्षा ब्लू और व्हाइट कलर के सूट में स्पॉट की गयी दोनों ही बहन भक्ति में लींन नजर आ रही थी। इस दौरान दोनों ने माथे पर तिलक लगवाया और कलावा भी बंधवाया हुआ था। बात कि जाये भूमि के वर्क फ्रंट कि तो इस साल भूमि पर्दे पर एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आने वाली है जिसका इंतजार उनके फैंस बेसब्री से कर रहे हैं। इस साल वह फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी, अफवाह, द लेडी किलर, भीड़ जैसी कई फिल्मो में नजर आएँगी। बात अगर भूमि के को-एक्टर कि, की जाए तो एक्ट्रेस फिर एक बार राजकुमार राव संग स्क्रीन शेयर करती दिखेंगी। हाल ही में फिल्म की रिलीज डेट का खुलासा हुआ था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भूषण कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म भीड़ एक सोशल-पॉलिटिकल ड्रामा होने वाली हैं, जो महामारी के कारण हुए लॉकडाउन के बैकग्राउंड पर निर्धारित होगी। फैंस भूमि-राजकुमार की जोड़ी को सिल्वर स्क्रीन पर देखने के लिए वाकई फिर एक बार बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं ऐसे में उनका फिल्म में प्ले करता हुआ किरदार फैंस की उत्सुकता ओर बढ़ा रहा हैं।

# मंत्री कुशवाह आधा दर्जन गाँवों में पहुँचे, पर्चा पढ़कर दिया विकास कार्यों एवं जनकल्याण का हिसाब-किताब

**ग्वालियर** 7 गाँव हमारे देश की आत्मा हैं। इसीलिए सौगातों के पिटारे के साथ मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आप सबके गाँव में विकास यात्रा भेजी है। विकास यात्रा यह भी सुनिश्चित करेगी कि गाँव का कोई भी पात्र परिवार बिना लाभ के न रह जाए। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह ने कही। श्री कुशवाह सोमवार को विकास यात्रा लेकर ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के बंधौली, मुगलपुरा, उदयपुर, करगवां व धनेली गाँवों में पहुँचे । इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की सौगातें देने के साथ-साथ पर्चे प?कर यह हिसाब-किताब भी दिया कि आप सबके गाँव में सरकार ने किन-किन योजनाओं का लाभ अब तक पहुँचाया। साथ ही विभिन्न योजनाओं के तहत हितलाभ भी वितरित किए। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार एवं क्षेत्रीय विधायक कुशवाह ने विकास यात्रा के दौरान इन सभी गाँवों में लगभग 7 करो? रूपए लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। जिसमें ग्राम धनेली में लगभग 244 लाख रूपए लागत के नवीन विद्युत उपकेन्द्र, ग्वालियर ङ्क बेहट मेन रो? से बंधौली तक बनने जा रही 27 लाख रूपए लागत की पक्की स?क, ग्राम मुगलपुरा में 136 लाख रूपए, करगवां में 62 लाख व धनेली में 94 लाख रूपए की लागत से मूर्तरूप लेने जा रहीं नल-जल योजनाएँ प्रमुख हैं। कुशवाह ने कहीं पर सभा के जरिए गाँववासियों से संवाद किया तो कहीं विकास यात्रा के साथ पैदल चले और तो कहीं पे? तले चौपाल लगाकर ग्रामीणों की कठिनाईयाँ व समस्यायें सुनीं। साथ ही उन्हें यह भी बताया कि आपके लिये आज हम सरकार की ओर से क्या-क्या सौगातें लेकर आए हैं। अपने गाँव के विकास में जु?ने जा रहे विकास के नए आयामों की खुशखबरी सुनकर गाँववासियों ने गर्मजोशी के साथ विकास यात्रा का स्वागत किया। साथ ही



यात्रा में सहभागी भी हुए। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार भारत सिंह कुशवाह की अगुआई में सोमवार को जिन-जिन गाँवों में विकास यात्रा पहुँची, उनमें पर्चे की चर्चा छाई रही। कुशवाह ने विकास यात्रा के दौरान हर गाँव में एक पर्चा प?कर सुनाया। ग्राम पंचायतवार तैयार किए गए इन पर्चों में यह ब्यौरा था कि सरकार ने गाँव के कितने हितग्राहियों को किस योजना से लाभान्वित कराया है। साथ ही कौन-कौन से विकास कार्य कराए। इतना ही नहीं उन्होंने ग्रामीणों से भरी चौपाल में कहा कि इसमें यदि कोई भी बात गलत हो तो मुझे बताएँ। साथ ही सभी को पर्चे पक?ाकर कहा कि यदि बाद में भी गलती समझ में आए तो मुझे फोन करके बताना। मसलन ग्राम मुगलपुरा में 244 परिवारों पर खाद्यान्न पर्ची है और उन्हें निऱ्शुल्क राशन मिल रहा है। गाँव में 915 परिवारों के आयुष्मान, 459 संबल, भवन संनिर्माण के 57 व 69 बीपीएल कार्ड बने हैं, 369 किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान व 336 किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान सहायता व 87 असहायों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन मिल रही है। साथ ही यह भी बताया कि गाँव में सरकार ने अब तक 11 प्रधानमंत्री आवास, 328 शौचालय, 558 महिलाओं को उज्ज्वला योजना का लाभ दिया है और 73 ला?ली लक्ष्मी बनाई हैं।राज्य मंत्री कुशवाह ने यह पर्चा प?ने के बाद ग्रामीणों से यह भी कहा कि अभी भी कोई व्यक्ति शेष रह गया हो तो उसका नाम बताएँ, जाँच कराकर उसका भी नाम जु?वा दिया जायेगा। उन्होंने ग्राम बंधौली के ऐतिहासिक महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कराने का भरोसा भी यात्रा के दौरान दिलाया। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह के साथ जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुँवर सिंह जाटव व जनपद पंचायत मुरार के अध्यक्ष दिलराज सिंह किरार सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण विकास यात्रा में शामिल हुए। साथ ही एसडीएम मुरार ग्रामीण के के सिंह गौर व एसडीएम मुरार अशोक चौहान एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजीव मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी विकास यात्रा में मौजूद रहे।

## उपनगर ग्वालियर में विकास कार्यों की झडी: मंत्री प्रद्युम्न सिंह

ग्वालियर । प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के नेतृत्व में उपनगर ग्वालियर में निकाली जा रही विकास यात्रा के दूसरे दिन वार्ड 7 में चार शहर का नाका स्थित गिर्राज मंदिर से प्रारंभ होकर देर शाम शिवहरे तेलमिल पर विकास यात्रा का समापन किया गया। इस दौरान 1 लाख 68 हजार के विकास लोकार्पण एवं एक करोड 84 लाख 80 हजार के विकास कार्यों का भूमि पूजन भी ऊर्जा मंत्री तोमर द्वारा किया गया। विकास यात्रा में ऊर्जा मंत्री तोमर के साथ बडी संख्या में क्षेत्रीय आमजन भी बड चडकर हिस्सा ले रहे हैं। यात्रा के दौरान आने वाली आंगनवाडी, स्कूल, शासकीय उचित मूल्य की दुकान एवं निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों पर पहुंचकर शासन की योजनाओं को लाभ हितग्राहियों को दिया जा रहा है। इसके साथ ही यात्रा में विकास कार्यों का फोल्डर आमजन को वितरण किया जा रहा है। साथ ही विकास रथ भी आंगे-आंगे चलकर सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों की जानकारी दे रहा है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उपनगर ग्वालियर में विकास कार्यों की



झडी लगा दी है। अप जहां भी जाएगें विकास कार्य होते नजर आएगें। जो छोटे-छोटे कार्य पहले छूट गए थे वह भी विकास यात्रा के दौरान पूरे कर लिए जाएगें। विकास यात्रा तीसरे दिन दिनांक 7 फरवरी 2023 को सुबह 9 बजे वार्ड 1 में कटी घाटी रामाजी का पुरा गणेश मंदिर से प्रारंभ होगी। **आंगनवाडी केन्द्र पर बच्चों के साथ खाया खाना –** ऊर्जा मंत्री तोमर जब विकास यात्रा के दौरान इंद्रा नगर में पहुंचे तो आंगनवाडी खुली मिलने पर पहले आंगनवाडी का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उसके बाद आंगनवाडी पर पडने वाले बच्चों के साथ वहीं बैठकर भोजन कर, खाने की गुणवत्ता का पूर्ण ध्यान रखने के निर्देश दिए। **आदिवासी महिलाओं को विततिर किए आहर योजना के प्रमाण पत्र**–प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही आदिवासियों के लिए आहर योजना के प्रमाणपत्र 25 आदिवासी महिलाओं को प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री ने वार्ड 7 में विकास यात्रा के दौरान वितरित किए। आहर योजना में आदिवासी महिलाओं को 1000-1000 रूपये सरकार द्वारा रोजमर्रा की वस्तुओं को क्रय करने के लिए दिए जाते हैं।

## वार्ड 59 में 1 करोड़ 27 लाख की लागत के कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन



**ग्वालियर7** संत रविदास जयंती से प्रारंभ हुई विकास यात्रा दूसरे दिन दिन विधानसभा क्षेत्र ग्वालियर पूर्व के वार्ड - 59 में भैरोबाबा मंदिर से सुबह 10 बजे प्रारंभ हुई प्रारंभ हुई। यहाँ से वार्ड की विभिन्न बस्तियों एवं गांवों में से गुजरती हुई सायं 4.30 बजे नीमचन्दोहा में पहुँची और वहाँ जनचौपाल हुई । विकास यात्रा से क्षेत्रीय रहवासियों में जोश का माहौल था । विकास यात्रा में बीज एवं फार्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल थे। विकास यात्रा के दौरान वार्ड के अंतर्गत 82 लाख की लागत की 4 स?कों का लोकार्पण तथा 45 लाख की लागत के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया । इसके साथ ही वार्ड में 2 करो? 46 लाख के विकास कार्यों के प्रस्ताव भी स्वीकृति की प्रक्रिया में हैं । नीमचन्दोहा गांव में विकास यात्रा के तहत आयोजित हुई जन चौपाल में बीज निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल ने कहा कि सरकार सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है जनअपेक्षाओं के अनुरूप वार्ड - 59 में विकास कार्य हुए ।

## आर्म रेसलिंग अकेडमी के पहलवानों ने दिखाया अपना दम, जता दिया नहीं किसी से कम

**ग्वालियर।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में आयोजित की गई दो दिवसीय गाजियाबाद ओपन आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता में ग्वालियर के पहलवानों का दबदबा रहा। पहलवानों ने विभिन्न भार वर्ग में चार पदक हासिल कर अपना दम दिखाकर ग्वालियर-चंबल अंचल को गौरवांवित किया। प्रतियोगिता में योगेंद्र यादव ने 70 किलोग्राम भार में, पूजा भदौरिया और अरविंद रजक ने 50-50 किलोग्राम वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीते। जबकि सचिन तोमर ने 50 किलोग्राम भार में रजत पदक हासिल किया। चार पदक जीतने वाले पहलवानों के अलावा राज भदौरिया, विकास गुर्जर, आदित्य भदौरिया और रोहित लोधी का प्रदर्शन भी बेहतर रहा। बेशक ये पदक जीतने में कामयाब नहीं हो सके लेकिन इन्होंने आयोजकों और रेफरियों को खासा प्रभावित किया। सभी पहलवानों के नगर आगमन पर भव्य स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया गया। पड़ाव स्थित इंटरनेशनल सेंटर ऑफ मीडिया एक्सीलेंस (आईकॉम) पर ग्वालियर आर्म रेसलिंग वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. केशव पाण्डेय ने प्रतिभागियों को सम्मान करते हुए कहा कि बिरला नगर स्थित आर्म रेसलिंग अकेडमी ने इतिहास रचा है। पूरे देश में ग्वालियर को आर्म रेसलिंग का हब बना दिया है। इस मौके पर संस्था के सचिव दीपक तोमर, उपाध्यक्ष डॉ. नितिन भारद्वाज, कोच-वर्ल्ड चैम्पियन मनीष कुमार, सोनिया एवं गुरमीत सिंह राणा ने भी खिलाड़ियों का स्वागत कर उनके बेहतर भविष्य की कामना की। आर्म रेसलिंग दो खिलाड़ियों के बीच होने वाली एक प्रतियोगिता है। जिसमें दोनों खिलाड़ी(पहलवान) एक-दूसरे का सामना करते हैं। दोनों पहलवान अपनी कोहनी को मेज पर रखते हैं और एक बने हुए निशान के बीच एक-दूसरे के हाथों (पंजों) को मजबूती से पकड़ लेते हैं। इसके बाद एक-दूसरे के पंजे को नीचे झुकाने के लिए अपनी ताकत लगाते हैं। आसान भाषा में इसे पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता कहते हैं।



## खुशियों की दास्तां: सतीश बोले हम सरकार से बहुत खुश है



**ग्वालियर।** सतीश शर्मा हँसते ङ्क खिलखिलाते अपने खेत से निकले और लगभग दौड़ते हुए आगे बड़े। जिज्ञासावश जब उनके साथियों ने पूछा पंडित जी कहाँ भागे जा रहे हो। तब वह बोले कि आज हमारे गाँव में विकास यात्रा आई है और हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद देने जा रहे हैं। यह वाकया ग्वालियर जिले के ग्राम बंधौली का है। ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के इस गाँव में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भारत सिंह कुशवाह विकास यात्रा लेकर पहुँचे थे। इसी दौरान सतीश शर्मा दौड़ते हुए आए और विकास यात्रा में शामिल हो गए। सतीश का कहना था कि हम खेती करते हैं । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हम जैसे किसानों के खाते में नियमित रूप से धनराशि पहुँचा रहे हैं। इससे हम बहुत खुश हैं। सरकार ने हमारे गाँव में नल-जल योजनाओं से लेकर तमाम विकास कार्य कराए हैं।

## सूर्योदय से सूर्यास्त तक संचालित हो विकास यात्राएँ : कलेक्टर अक्षय सिंह

**ग्वालियर।** शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ पात्र लोगों को समय पर मिले और उनका जीवन स्तर बेहतर हो सके, इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश सरकार की ओर से विकास यात्राओं का आयोजन 5 फरवरी से 25 फरवरी तक किया जा रहा है। प्रत्येक विधानसभा में विकास यात्राएँ निकालकर गाँव-गाँव और शहर के चप्पे-चप्पे तक यात्रा पहुँच रही है। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह सोमवार को विधानसभा भितरवार के ग्रामीण क्षेत्रों में पहुँचकर विकास यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कहा है कि सूर्य उदय से सूर्य अस्त तक विकास यात्राएँ निरंतर चलें और लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएँ। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने भितरवार विधानसभा के ग्राम चरखा एवं ग?ाजर में विकास यात्रा में शामिल हुए। विकास यात्रा में भाजपा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता मोहन सिंह राठौर सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत के प्रतिनिधि, गाँव के सरपंचों के साथ ही जिला प्रशासन की ओर से मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत आशीष तिवारी, एडीएम एच बी शर्मा, एसडीएम प्रखर सिंह एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने विकास यात्रा में आयोजित सभा में कहा कि विभागीय अधिकारियों के लिये यह अच्छा अवसर है। यात्राओं के दौरान विभागीय अधिकारी अपने-अपने विभाग की योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन आसानी से कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी यात्राओं में बी-1 का वाचन हो। इसके साथ ही ग्रामीणों के सामने खाद्यान्न पर्ची की सूची का भी वाचन अनिवार्यत~ किया जाए। इसके साथ ही नामांतरण, सीमांकन एवं बँटवारे के साथ ही फौती नामांतरण के जो भी प्रकरण हैं उसका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने ग?ाजर एवं चरखा में विद्युत की समस्याओं के निराकरण के संबंध में निर्देश दिए हैं कि दोनों ही गाँवों में विद्युत समस्या के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया है कि विकास यात्राओं के दौरान शालाओं के निरीक्षण में यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन भी छात्रों के जाति प्रमाण-पत्र नहीं बने हैं उनके जाति प्रमाण-पत्र बनाने का काम अनिवार्यत~ किया जाए। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए कहा कि सभी काम शासन और प्रशासन के भरोसे पूरे नहीं होते हैं। ग्रामीणों को भी विकास के कार्य में भागीदारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गाँव को स्वच्छ बनाने के लिये ग्रामीण आगे आएँ। अपने घर की तरह अपना गाँव भी स्वच्छ हो, इसकी पहल की जाना चाहिए। बिजली समस्या के निराकरण के संबंध में उन्होंने ग्रामीणों से आग्रह किया कि जिनके भी बिजली बिल बकाया हैं वे



अपने बिल अवश्य जमा करें। कुछ लोगों के कारण पूरे गाँव को परेशानी न हो, इसका ध्यान भी विद्युत विभाग के अधिकारी रखें।

**अनुसूचित जाति छात्रावास का अवलोकन –** कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने भितरवार भ्रमण के दौरान भितरवार के शासकीय अनुसूचित जूनियर छात्रावास का निरीक्षण किया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास में साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं को देखकर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की। छात्रावास की बच्चियों से विस्तार से चर्चा की और व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। छात्रावास की बच्चियों ने कलेक्टर को बताया कि यहाँ पर सभी प्रकार की व्यवस्थायें अच्छी हैं। छात्रावास में नियमित योगाभ्यास, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं खेलकूद की गतिविधियां भी संचालित की जाती हैं। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने बच्चियों से पूछा कि क्या सभी के जाति प्रमाण-पत्र बने हुए हैं, तो शतप्रतिशत बच्चियों ने बताया कि उनके जाति प्रमाण-पत्र बने हुए हैं।

**नल-जल योजना के तहत निर्मित की जा रही पानी की टंकी का निरीक्षण** –कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने ग?ाजर में नल-जल योजना के तहत निर्मित की जा रही पेयजल टंकी निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री अनमोल कोचर से कहा है कि नल-जल योजना के तहत कराए जा रहे कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरे करें, ताकि ग्रामीणों को इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ मिले और शासन की मंशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों में सबके घर पर टोंटी के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया जा सके। कलेक्टर ने इसके पश्चात सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकान का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478